हिंदी दैनिक

# नागपुर मेट्रो समाचार

BCN GROUP

RNI.NO - MAHHIN/2019/78960 | P.NO : NPCITY/516/2021-2023 नागपुर, रविवार, 15 दिसंबर 2024 अंक 63 / वर्ष 6 / पृष्ठ 8+4 / कीमत 3/-


शिवशंकर आयुर्वेदिक
क्या आप जोडे के दर्द से परेशान हो ?
•जोडों का दर्द •गठियावात •सन्धिशोध• सरवाइकल पेन पर Dr. B.A.M.S., M.D. अनुभवी चिकित्सक द्वारा चिकित्सा उपचार किया जाता है।
तथा दमा, अस्थमा, एलर्जी / सभी प्रकार के वात रोग/ लखवा/ स्त्रिरोग/ पुरूष के शुक्राणू दोष/ निसंतान/ किडनी स्टोन/ डायबिटीज से परेशान/ वेट लॉस/ वेट गेन/पिंपल्स/ फ्रेअरनेस/ स्किन प्रॉब्लेम/ पाईल्स/ एवं अन्य बिमारीयों पर भी उपचार किया जाता है।
नागपूर का भव्य शोरूम महाजन मार्केट के पास, टेम्पल बाजार, सिताबर्डी, नागपूर.
फोन : 9112079000 / 8605245080
आयुर्वेदिक दवाईया तथा जडीबुटीयों का विशाल भंडार

# हमने देश की एकता के लिए संविधान में बदलाव किया: पीएम

## गरीब दोबारा गरीब ना बने, इसलिए दे रहे मुफ्त राशन

**नई दिल्ली.**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारत के संविधान की 75वीं वर्षगांठ पर शनिवार को लोकसभा को संबोधित किया. इस दौरान उन्होंने जमकर कांग्रेस पर निशाना साधा. उन्होंने कहा कि संविधान के साथ खिलवाड़ करना, संविधान की स्पिरिट को तहस-नहस करना ये कांग्रेस की रगों में रहा है. हम भी सौदेबाजी कर सकते थे लेकिन हमने संविधान का रास्ता चुना. अटल जी ने सौदा नहीं किया. खरीद फरोक नहीं की थी. बाजार तब भी लगता था, खरीद फरोक तब भी होती थी, लेकिन उन्होंने (अटल बिहारी वाजपेयी) 13 दिन बाद इस्तीफ़ा दे दिया, क्योंकि वे संविधान और लोकतांत्रिक मर्यादाओं के प्रति समर्पित थे. प्रधानमंत्री ने कहा कि हमने भी संविधान में सनशोधन किए हैं. जी हां, हमने भी किया है लेकिन संविधान के लिए, देश के लिए बदलाव किए. कांग्रेस के लिए सत्ता सुख और सत्ता भूख, यही एकमात्र इतिहास है, कांग्रेस का वर्तमान है. हमने भी संविधान संशोधन किए हैं. लेकिन देश की एकता के लिए, देश की अखंडता के लिए, देश के उज्वल भविष्य के लिए और संविधान की भावना के प्रति पूर्ण समर्पण के साथ किए हैं. हमने संविधान में भी संशोधन किया, लेकिन यह देश की एकता और महिलाओं व ओबीसी को सशक्त बनाने के लिए किया. उन्होंने कहा कि हम अपने संविधान संशोधनों को स्वीकार करते हैं, ये संशोधन सत्ता पर हमारी पकड़ बढ़ाने के लिए नहीं किए गए हैं. 'जुमला' कांग्रेस का पसंदीदा शब्द है, देश के इतिहास में सबसे बड़ा 'जुमला' 'गरीबी हटाओ' था जिसका इस्तेमाल उनकी चार पीढ़ियों द्वारा किया गया. क्या आपको देश में टॉयलेट बनाने की भी फुरसत नहीं मिली. आपने गरीबों को टीवी में देखा है. अखबार में पढ़ा है. आपको पता ही नहीं कि गरीबी होती क्या है. पीएम मोदी ने कहा, गरीबों के नाम पर बैंकों का राष्ट्रीयकरण किया गया लेकिन 2014 देश के 50 करोड़ ऐसे नागरिक थे जिन्होंने बैंक की शक्ल नहीं देखी थी. 50 करोड़ गरीबों के बैंक खाते खोलकर के हमने बैंकों के दरवाजे गरीबों के लिए खोले. गरीबी हटाओ इसी कारण जुमला बनकर रह गया. गरीब को इस मुश्किल से मुक्ति मिले ये हमारा मिशन है. जिनको कोई नहीं पूछता उनको मोदी पूजता है. कांग्रेस के माथे पर लगा आपातकाल का पाप धुलने वाला नहीं है: पीएम मोदी: प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने लोकसभा में संविधान पर चर्चा के दौरान कांग्रेस पर तीखा हमला बोला है. उन्होंने आपातकाल का जिक्र करते हुए कहा, 'जब देश संविधान के 25 वर्ष पूरे कर रहा था, उसी समय संविधान को नोच लिया गया. देश को जेलखाना बना दिया गया, और नागरिकों के अधिकार छीन लिए गए. कांग्रेस के माथे पर ये पाप ऐसा है, जो कभी धुलने वाला नहीं है.' राजीव गांधी की उस एक गलती ने भारतीय राजनीति की सूरत बदल दी। 1985 में सुप्रीम कोर्ट ने एक तलाकशुदा महिला के पति को हर महीने गुजारा भत्ता देने का आदेश दिया। लेकिन मुस्लिम कट्टरपंथियों के दबाव में आकर तत्कालीन राजीव गांधी सरकार ने 1986 में संसद में कानून बनाकर सुप्रीम कोर्ट के फैसले को पलट दिया। कठमुल्लों के आगे राजीव गांधी के उस शर्मनाक सरेंडर ने सेकुलरिज्म की पवित्रता ही खत्म कर दी। सेकुलरिज्म और मुस्लिम तुष्टीकरण की विभाजन रेखा ही मिटा दी।



लोकसभा में संविधान पर चर्चा के दौरान पीएम मोदी ने गिनाए 11 संकल्प

### कांग्रेस समय-समय पर संविधान का शिकार करती रही: पीएम मोदी

पीएम मोदी ने संसद में कहा कि मेरे जैसे कई लोग यहां तक नहीं आ पाते लेकिन संविधान की वजह से हम यहां तक पहुंचे हैं, देश ने हमें तीन बार प्यार दिया ये संविधान के बिना संभव नहीं था, कांग्रेस के एक परिवार ने संविधान को चोट पहुंचाने में कोई कसर नहीं छोड़ी, 75 साल आज़ाद हुए हो गए और 55 साल एक ही परिवार ने राज किया है, इस परिवार ने संविधान को चुनौती दी, नेहरू जी ने मुख्यमंत्रियों को चिट्ठी में लिखा कि अगर संविधान हमारे रास्ते के बीच में आ जाए तो हर हाल में संविधान में परिवर्तन करना चाहिए. पीएम ने कहा कि संविधान संशोधन करने का कांग्रेस के मुंह ऐसा खून लग गया कि वो समय-समय पर संविधान का शिकार करती रही. संविधान की आत्मा को लहूलुहान करती रही. 6 दशक में 75 बार संविधान बदला गया.

■ चाहे नागरिक हो या सरकार हो सभी अपने कर्तव्यों का पालन करेंगे। हर क्षेत्र हर समाज को विकास का लाभ मिले, सबका साथ, सबका विकास हो। भ्रष्टाचार के प्रति जीरो टॉलरेंस हो, भ्रष्टाचारी की सामाजिक स्वीकार्यता ना हो। देश के कानून, नियम, परंपराओं के पालन में देश के नागरिकों में गर्व का भाव हो। गुलामी की मानसिकता से मुक्ति हो, देश की विरासत पर गर्व हो। देश की राजनीति को परिवारवाद से मुक्ति मिली। संविधान का सम्मान हो, राजनीतिक स्वार्थ के लिए संविधान को हथियार न बनाया जाय। संविधान की भावना के प्रति समर्पण रखते हुए, जिनको आरक्षण मिल रहा है वो न छीना जाए, धर्म के आधार पर आरक्षण की कोशिश पर रोक लगे। महिलाओं के नेतृत्व में विकास के मामले में भारत दुनिया में मिसाल बने। राज्य के विकास से राष्ट्र का विकास, ये विकास का मंत्र हो। एक भारत श्रेष्ठ भारत का देश सर्वोपरी हो।

## संविधान की वजह से मेरे जैसे लोग पीएम बन सके: पीएम मोदी

*लोकसभा में पीएम मोदी ने कहा, "मैं संविधान के कारण यहां पहुंचा. संविधान के कारण ही मेरे जैसे लोग पीएम बन सके." उन्होंने कहा कि अभिव्यक्ति की आजादी पर हमला हुआ. "कुछ लोगों ने विफलताओं का दुख प्रकट किया. मैं देश की जनता को नमन करता हूं कि वे पूरी ताकत के साथ देश की संविधान के साथ खड़े हैं. कांग्रेस के एक परिवार ने संविधान को चोट पहुंचाने में कोई कसर नहीं छोड़ 55 साल एक ही परिवार ने राज किया. "जब हम ये संविधान के 75 वर्ष मना रहे हैं, तो ये अच्छा संयोग है कि भारत के राष्ट्रपति के पद पर एक आदिवासी महिला विराजमान है. यही नहीं, हमारे सदन में भी महिला सांसदों की संख्या लगातार बढ़ रही है.*

## देश का नागरिक हर कसौटी पर खरा उतरा: प्रधानमंत्री

*जब देश आजाद हुआ तब भारत के लिए जो जो संभावनाएं व्यक्त की गई थी। उन सभी संभावनाओं को परास्त करते हुए भारत का संविधान हमें यहां तक ले आया है। इस महान उपलब्धि के लिए देश के कोटि कोटि नागरिकों का आदर पूर्वक नमन, जिन्होंने इस भावना और नई व्यवस्था को कर दिखाया है। संविधान निर्माताओं की भावना को जीने में पिछले 75 साल भारत का नागरिक हर कसौटी पर खरा उतरा है। इसलिए वो सर्वाधिक अभिनंदन का अधिकारी है।*

## खबरें! एक नजर में!!

### लालकृष्ण आडवाणी की तबीयत फिर बिगड़ी

**नई दिल्ली.** बीजेपी के वरिष्ठ नेता लालकृष्ण आडवाणी की तबीयत फिर से बिगड़ गई है. इस वजह से उन्हें आज को दिल्ली के अपोलो अस्पताल में एडमिट कराया गया है. जानकारी के अनुसार, फिलहाल उनकी हालत स्थिर है. कुछ ही देर में मेडिकल बुलेटिन जारी किया जा सकता है. लालकृष्ण आडवाणी 97 साल के हैं. उन्हें पीछे 4-5 महीनों में कई बार अस्पताल में भर्ती कराना पड़ा है. इससे पहले उन्हें अगस्त के महीने में अस्पताल में भर्ती कराया गया था. आडवाणी पिछले कुछ समय से स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं से जूझ रहे हैं.

### शूटर सोनू मटका एनकाउंटर में ढेर

**नई दिल्ली.** दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल और यूपी एसटीएफ की ज्वाइंट ऑपरेशन में एनकाउंटर के दौरान कुख्यात सोनू मटका की गोली लगने से मौत हो गई। सोनू मटका हाशिम बाबा गैंग का शूटर था और दिवाली की रात चाचा भतीजे की भी उसने गोली मारकर हत्या कर दी थी। सोनू मटका के मेरठ में होने की जानकारी मिली थी जिसके बाद शनिवार की तड़के दिल्ली की स्पेशल सेल की टीम में घेराबंदी की थी और दोनों तरफ से कई राउंड फायरिंग हुई।

### फ्लैट में मिली सुचिर बालाजी की बॉडी

**नई दिल्ली.** आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) रिसर्चर सुचिर बालाजी 26 नवंबर को सैन फ्रांसिस्को में अपने अपार्टमेंट में मृत पाए गए थे। इस मामले में अब कहा जा रहा है कि सुचिर ने आत्महत्या की है। खैर इस मामले में अभी साफ तौर पर कोई जानकारी सामने नहीं आई है। सैन फ्रांसिस्को पुलिस विभाग के अधिकारी ने अब फोर्ब्स को बताया, 'शुरुआती जांच के दौरान गड़बड़ी का कोई सबूत नहीं मिला।'

### संजय सिंह ने दिया विकास कार्यों का ब्योरा

**नई दिल्ली.** में पिछले 10 वर्षों में हुए विकास कार्यों का विवरण दिया गया है. इसमें 6800 किलोमीटर सीवर लाइन, 4000 किलोमीटर पानी की पाइपलाइन, 3 लाख सीसीटीवी कैमरे, 10,000 किलोमीटर नई सड़कें, 533 फ्लाईओवर, 9000 मोहल्ला क्लिनिक, 9000 अस्पताल बेड और 22,711 सरकारी स्कूल के कमरे शामिल हैं. केंद्र सरकार की नीतियों और वादों पर भी सवाल उठाए गए हैं.

### मंदिर को तोड़ने के आदेश पर रेलवे ने लगाई रोक

**मुंबई.** मुंबई के दादर स्टेशन के पास हनुमान मंदिर को तोड़ने वाले आदेश पर रेलवे ने रोक लगा दी है. शनिवार को आदित्य ठाकरे इस मंदिर में जाकर पूजा करने वाले थे.

### फिर साथ आएंगे शरद पवार और अजित पवार?

**मुंबई.** महाराष्ट्र चुनाव के बाद क्या अजित पवार और शरद पवार एक बार फिर साथ आएंगे. क्या दोनों के बीच सुलह को लेकर कोई बात चल रही है. ये चर्चा इसलिए हो रही है कि क्योंकि पवार परिवार के एक शख्स ने दोनों पार्टियों के एक साथ आने पर जोर दिया है.

(पेज 4 भी देखिये)

## स्कूलों को बम से उड़ाने की धमकी फिर से



### अभी तक की जांच में कुछ नहीं मिला

■ गौरतलब है कि दिल्ली के स्कूलों को बम से उड़ाने की धमकियां मिलना अब आम बात होने लगी है. आए दिन मासूम बच्चों से भरे स्कूलों को फोन या ईमेल के जरिए बम की धमकी दी जा रही है, जो कि चिंता का गंभीर विषय है. राहत की बात केवल यह है कि अब तक ये सभी धमकियां अफवाह निकली हैं.

**नई दिल्ली.**

दिल्ली के आरके पुरम स्थित दिल्ली पब्लिक स्कूल सहित कई स्कूलों को 14 दिसंबर की सुबह एक बार फिर बम से उड़ाने की धमकी भरा ईमेल आया. इसकी सूचना मिलते ही स्कूल में अफरातफरी मच गई. धमकी वाले ईमेल की जानकारी दिल्ली पुलिस और फायर डिपार्टमेंट को स्कूल प्रबंधन ने तत्काल दी. पुलिस की टीमों ने इस मामले की जांच शुरू कर दी है. अभी तक की जांच में कुछ संदिग्ध नहीं मिला है.

दिल्ली पुलिस के मुताबिक बम से स्कूलों को उड़ाने की धमकी ईमेल के जरिए मिली है. स्कूल मैनेजमेंट ने दिल्ली फायर डिपार्टमेंट को सुबह 6 बजे इसकी सूचना दी, जिसके बाद पुलिस और दमकल की टुकड़ियां स्कूल कैंपस में पहुंचीं और जांच शुरू कर दी. जानकारी के लिए बता दें कि इससे पहले शुक्रवार (13 दिसंबर) को दिल्ली के ईस्ट ऑफ कैलाश डीपीएस, सलवान पब्लिक स्कूल, मॉडर्न स्कूल और कैंब्रिज स्कूल को शुक्रवार को भी बम की धमकी मिली थी. वहीं, इससे पहले सोमवार को दिल्ली के करीब 40 स्कूलों को इसी तरह टारगेट किया गया था और बम से उड़ाने की धमकी दी गई थी. एक हफ्ते में धमकी का यह तीसरा मामला है.

## गगनयान मिशन में एक और उपलब्धि

### इसरो के प्रक्षेपण केंद्र पहुंचा पहला मोटर सेगमेंट

**बेंगलुरु.**

गगनयान मिशन की तैयारी कर रहे इसरो ने एक और उपलब्धि हासिल की है। भारतीय अंतरिक्ष एजेंसी ने शुक्रवार को घोषणा की कि पहले मोटर सेगमेंट को प्रक्षेपण परिसर में पहुंचाया गया है। इससे पहले इसरो ने अंतरिक्षयात्रियों को समुद्र के रास्ते सुरक्षित वापस लाने के लिए नौसेना के साथ मिलकर छह दिसंबर को 'वेल डेक' रिकवरी परीक्षण किया था। 'वेल डेक' ऐसे जहाज को कहते हैं जिसमें पानी भरा जा सकता है ताकि नावों, अंतरिक्षयान को जहाज के भीतर ले जाया जा सके। इसरो ने एक्स पर पोस्ट किया, भारत के मानव अंतरिक्ष उड़ान के सपने आकार ले रहे हैं! गगनयान मिशन के लिए मील का पत्थर! पहले सालिड मोटर सेगमेंट को उत्पादन संयंत्र से लांचिंग परिसर में पहुंचाया गया है। यह एचएलवीएम3 जी1 उड़ान की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। गगनयान देश का पहला मानव अंतरिक्ष उड़ान मिशन है। इसके तहत तीन अंतरिक्षयात्रियों को तीन दिवसीय मिशन के लिए 400 किमी की कक्षा में भेजा जाएगा और उन्हें भारतीय समुद्री क्षेत्र में उतारा जाएगा। मिशन के जरिये भारत अंतरिक्षयात्रियों को अंतरिक्ष में भेजने और उन्हें पृथ्वी पर वापस लाने की क्षमता प्रदर्शित करेगा।



## सरकार बनी तो महिलाओं को हर महीने देंगे 2500 रुपये

### तेजस्वी ने की 'माई-बहिन मान योजना' की घोषणा

**पटना.** जैसे-जैसे बिहार में विधानसभा चुनाव की तारीखें नज़दीक आ रही हैं, वैसे-वैसे सभी दल जनता के करीब पहुंचने की कोशिश कर रहे हैं. नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने सरकार बनने पर "माई-बहिन मान योजना" की घोषणा की. उन्होंने कहा अब बिहार में रह रहीं महिलाओं को प्रति माह 2500₹ मिलेंगे. दरभंगा में विशेष रूप से बुलाई प्रेस वार्ता में तेजस्वी यादव ने कहा कि महिलाओं का आशीर्वाद जहां है, सुख-समृद्धि का वास वहां है. इसी मंत्र पर चलते हुए बिहार की हर महिला को हम सक्षम बनाना चाहते हैं. उन्होंने कहा कि मेरी यात्राओं के दौरान राज्य के हर हिस्से से हमें महंगाई से त्रस्त लोगों ने अपने अनुभव बताएं हैं. बढ़ती और व्यापक महंगाई के चलते घर-परिवारों को राहत की दरकार है. बिहार की करोड़ों माताओं-बहनों के आशीर्वाद से आज हमने यह निर्णय लिया है और हमें ये बताते हुए हर्ष हो रहा है कि 2025 में हमारी सरकार बनने पर हम "माई-बहिन मान योजना" के अंतर्गत राज्य की महिलाओं को 2500 रुपए प्रति माह देने का कार्य क़रेंगे. नए बिहार के साथ "समृद्ध महिला, सुखी परिवार" का सपना भी सच होगा.

## राहुल गांधी नहीं बता पाए संविधान में पन्ने कितने हैं: अनुराग ठाकुर

**नई दिल्ली.**



लोकसभा में संवधान पर चर्चा के दौरान कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने केंद्र सरकार पर जमकर हमले कएि. संवधािन की कताबि दखिाते हुए सरकार पर निशाना साधा. कहा, जसि सावरकर की आप पूजा करते हैं उन्होंने कहा था क संविधान में कुछ भी भारतीय नहीं है. संविधान में हमें बाबासाहब के आदर्श दिखते हैं. पलटवार करते हुए पूर्व केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने राहुल गांधी को ही घेर लयिा.

कहा, राहुल गांधी संवधिान की कतािब जेब में रखकर घूमते हैं, लेकिन उन्हें नहीं पता होगा क संवधािन में कतिने पन्ने हैं? ये तो हुई संसद की बात, लेकिन क्या आपको इसका सही जवाब पता है? पहली बात, भारत का संवधिान दुनयिा का सबसे लंबा संवधािन है. इसमें 448 अनुच्छेद, 12 अनुसूचयिां शामिल हैं. यह 25 भागों में बंटा हुआ है. इसकी वास्तविक प्रति प्रेम बिहारी नारायण रायजादा ने अपने हाथों से लखिी है. इसके शब्द इटैलिक स्टाइल में हैं. इसके हर पन्ने को शांतनिकितन के कलाकारों ने काफी खूबसूरती से सजाया है. शुरुआत में इसमें 1,45,000 शब्द थे, लेकिन संशोधनों के बाद इसमें बढ़ोत्तरी हो गई. संविधान की मूल कॉपी संसद भवन की लाइब्रेरी में रखी हुई है. यह हिन्दी और अंग्रेजी दोनों भाषाओं में है. इसे पूरी तरह बनाने में दो वर्ष, 11 महीने और 18 दिन लगे थे. बाद में इसका प्रकाशन देहरादून में कयिा गया.

26 जनवरी 1950 को जब इसे लागू कयिा गया था, तभी अशोक चक्र को बतौर राष्ट्रीय चिन्ह स्वीकार किया था. इसमें भारतीय नागरकिों को 6 मौलिक अधिकार मिले हैं, तो साथ में कर्तव्यों का जक्रि है. कांग्रेस राज में सिखों के गले काटे गए लोकसभा में संविधान पर चर्चा के दौरान शनिवार को भाजपा सांसद अनुराग ठाकुर ने राहुल गांधी के सरकार द्वारा एकलव्य की तरह अगूंठा काटे जाने पर पलटवार किया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस राज में सिखों के गले काटे गए। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के शासनकाल में संविधान का गला घोंटा गया। अनुराग ठाकुर ने दिया राहुल गांधी को जवाब अनुराग ठाकुर ने पहले संविधान के कुछ प्वाइंट बताते हुए कांग्रेस को उसका इतिहास याद दिया। उन्होंने कहा कि ये संविधान की ताकत थी, जिसने इंदिरा गांधी की इमरजेंसी को खत्म किया था। ये जो संविधान की कॉपी लेकर राहुल गांधी घूमते हैं.

उसी में लिखा है कि इंदिरा गांधी की यातनाएं और इमरजेंसी को खत्म किया तो वो बाबा साहेब अंबेडकर का संविधान था। उसी संविधान ने देश को बचाया।

गांधी परिवार और कांग्रेस पार्टी का पूरा कारनामा इसके अंदर लिखा है। राहुल को जवाब देते हुए बीजेपी सांसद ने कहा कि ये मनगढ़ंत आरोप लगाते हैं। ये बीजेपी को लोगों को कहते हैं कि ये अंगूठा काटते हैं तो कांग्रेस के राज में सिखों के गले काटे गए। सिखों का कत्लेआम किया गया। कांग्रेस के राज में दंगे सबसे ज्यादा हुए। कांग्रेस को इसके लिए माफी मांगनी चाहिए। अगर माफी नहीं मांगेंगे तो कितना भी संविधान जेब में डालिए। आप संविधान को जेब में लेकर घूमते हैं। इन लोगों ने संविधान को तार-तार करने का काम किया है। इन लोगों को देश से माफी मांगनी चाहिए। तो कतिने पन्ने, लेकिन अब आते हैं मूल बात पर, संवधिान के कतिने पन्ने हैं? जब संवधिान बना था, तब इसमें 251 पन्ने थे. यह 22 इंच लंबा और 16 इंच चौड़ा है. संसद की लाइब्रेरी में हीलियम से भरे डिब्बे में इसे रखा गया है. इसमें हवा प्रवेश नहीं कर सकती. यह पूरी तरह सीलबंद है. जसि कमरे में हमारा संवधिान रखा गया है क उसका तापमान 20°C और आर्द्रता 30% बनाए रखा जाता है.

### संविधान नेहरूवादी सोच से अछूता रहा: ठाकुर

ठाकुर ने दावा किया कि इस किताब के प्रस्तावना भाग में सुप्रीम कोर्ट के वरिष्ठ वकील गोपाल शंकर नारायण का जिक्र है, जिन्होंने लिखा है कि संविधान बनाने में बाबासाहब अंबेडकर और अन्य महान लोगों का योगदान रहा, लेकिन यह संविधान नेहरूवादी सोच से अछूता रहा है. ठाकुर ने आगे कहा कि अगर यह संविधान इतना मजबूत न होता, तो देश इमरजेंसी के काले अध्याय से बाहर नहीं निकल पाता. उन्होंने कांग्रेस पर आरोप लगाते हुए कहा, 'इमरजेंसी के दौरान आम नागरिकों के अधिकार छीने गए और न्यायपालिका को भी धमकाया गया.

## शंभू बॉर्डर से दिल्ली कूच कर रहे किसानों पर एक्शन



### > पुलिस ने आंसू गैस के गोले दागे

**नई दिल्ली.** एमएसपी समेत तमाम मांगों को लेकर प्रदर्शन कर रहे किसानों ने शनिवार को दिल्ली मार्च बुलाया. 101 किसानों के जत्था शंभू बॉर्डर से दिल्ली कूच के लिए निकला. हालांकि, शंभू बॉर्डर पर तैनात पुलिसकर्मियों ने बैरिकेडिंग करके उनका रास्ता रोक दिया. जब किसानों ने बैरिकेडिंग हटाने की कोशिश की तो पुलिस ने आंसू गैस के गोले छोड़े और वाटर कैनन का भी इस्तेमाल किया. पंजाब और हरियाणा की सीमाओं पर देश के किसानों का आंदोलन लगातार जारी है. प्रदर्शन के 307वें दिन किसान केंद्र सरकार के साथ बातचीत की मांग पर अड़े हुए हैं. किसान मजदूर मोर्चा (केएमएम) के नेता सरवन सिंह पंढेर ने इस मुद्दे से निपटने के सरकार के तरीके सवाल उठाते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान पर चुप रहने का आरोप लगाया. उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि सरकारी एजेंसियां आंदोलन को बदनाम करने की कोशिश कर रही. किसान मजदूर मोर्चा (केएमएम) के नेता सरवन सिंह पंढेर ने घोषणा की है कि 101 किसानों का एक नया जत्था शनिवार (14 दिसंबर 2024) दोपहर हरियाणा के शंभू बॉर्डर से दिल्ली की ओर कूच कर करेगा.

CMYK

## आईसीआईसीआई ने 99.04 फीसदी दावों का निपटान किया

**नई दिल्ली.** आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल लाइफ इंश्योरेंस ने जुलाई 2024 से सितंबर 2024 की अवधि के लिए 99.04 फीसदी का क्लेम सेटलमेंट रेशो घोषित किया है, जो उद्योग में सबसे अधिक है। महत्वपूर्ण बात यह है कि मृत्यु दावों को निपटाने का औसत समय सिर्फ 1.2 दिन था। अमीश बैंकर, चीफ ऑपरेशंस ऑफिसर, आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल लाइफ इंश्योरेंस ने कहा, "दावा सच्चाई का अंतिम क्षण होता है, और हम हर दावे को अत्यधिक संवेदनशीलता के साथ संभालते हैं। वित्तीय वर्ष 2025 की दूसरी तिमाही में, हमारा क्लेम सेटलमेंट रेशो 99.04 फीसदी था, जबकि अंतिम दस्तावेज प्राप्त होने की तारीख से बिना जांच किए गए दावों के लिए हमारा औसत दावा निपटान समय केवल 1.2 दिन था। इसके अलावा, हमने इसी अवधि में कुल 451 करोड़ रुपये से अधिक के मृत्यु दावों का निपटान किया। हमारी 'क्लेम फॉर श्योर' पहल के तहत, हम सभी आवश्यक दस्तावेज़ प्राप्त होने के एक दिन के भीतर पात्र दावों का निपटान का वादा करते हैं। इस पहल के तहत, हमने वित्तीय वर्ष 2025 की दूसरी तिमाही में 71.24 करोड़ रुपये के मृत्यु दावों का निपटान किया है। हमारा क्लेम सेटलमेंट रेशो लगातार उद्योग में अग्रणी रहा है; वित्तीय वर्ष 2024 पहली तिमाही में यह दर 97.94 फीसदी था, वित्तीय वर्ष 2024 की दूसरी तिमाही में 98.14 फीसदी वित्तीय वर्ष 2024 तीसरी तिमाही में 98.52 फीसदी, और वित्तीय वर्ष 2024 में यह दर 99.17 फीसदी था।

# अटल पेंशन योजना के ग्राहकों की संख्या 7 करोड़ के पार

### 47 फीसदी है महिलाओं की भागीदारी

**नई दिल्ली.**



वित्त मंत्रालय ने हाल ही में अटल पेंशन योजना के लिए एक महत्वपूर्ण उपलब्धि की जानकारी दी। मंत्रालय के अनुसार, 2 दिसंबर, 2024 तक 7.15 करोड़ से अधिक ग्राहक इस योजना के तहत नामांकित हो चुके हैं। कार्यक्रम की सफलता पर प्रकाश डालते हुए, मंत्रालय ने एक्स पर पोस्ट किया, "अटल पेंशन योजना सात करोड़ से अधिक ग्राहकों के साथ, अपने लाभार्थियों के लिए सेवानिवृत्ति के बाद मन की शांति सुनिश्चित करते हुए गारंटीकृत पेंशन लाभ के साथ सुरक्षित सेवानिवृत्ति प्रदान करता है।" अटल पेंशन योजना भारत की कामकाजी आबादी को सेवानिवृत्ति के बाद के वर्षों में वित्तीय सुरक्षा प्रदान करती है। अटल पेंशन योजना, 60 वर्ष की आयु से 1,000 रुपये से लेकर 5,000 रुपये तक की न्यूनतम मासिक पेंशन की गारंटी देती है। पेंशन की राशि ग्राहकों की ओर से किए गए योगदान पर निर्भर करती है। इस योजना में महिलाओं की महत्वपूर्ण भागीदारी देखी गई है, जो कुल ग्राहकों का लगभग 47 प्रतिशत है। ग्राहक मासिक, त्रैमासिक या अर्ध-वार्षिक आधार पर योगदान कर सकते हैं, जिससे उन्हें अपने वित्त का प्रबंधन करने में लचीलापन मिलता है। एपीवाई बढ़ती दीर्घायु, एकल परिवारों और बढ़ती जीवन लागत के युग में महत्वपूर्ण जरूरतों को पूरा करता है। पेंशन एक स्थिर मासिक आय प्रदान करती है, जो सेवानिवृत्ति के बाद एक सम्मानजनक जीवन सुनिश्चित करती है।

### लाभार्थियों को 2 लाख का जीवन बीमा कवरेज प्रदान किया

▪ प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना (पीएमजेजेबीवाई) ने 21 करोड़ से अधिक लाभार्थियों को 2 लाख रुपये का जीवन बीमा कवरेज प्रदान किया है, जो अनिश्चितता के समय में परिवारों के लिए वित्तीय सुरक्षा सुनिश्चित करता है, वित्त मंत्रालय ने शनिवार को कहा। एक्स पर एक सोशल मीडिया पोस्ट में वित्त मंत्रालय ने कहा कि पीएमजेजेबीवाई के तहत संचयी नामांकन 21.67 करोड़ दर्ज किया गया है, और इस साल 20 अक्टूबर तक प्राप्त दावों की संचयी संख्या 860,575 थी, जिसकी कीमत 17,211.50 रुपये थी।

## पीएफ की रकम एटीएम से निकाल सकेंगे कर्मचारी



**नई दिल्ली.**

ईपीएफओ का पैसा एटीएम से निकालने की सुविधा की खबर जैसे ही आई ईपीएफओ सब्सक्राइबर्स में खुशी की लहर दौड़ गई है. केंद्रीय श्रम सचिव सुमिता डावरा ने एक दिन पहले जानकारी दी थी कि अगले साल से प्रॉविडेंट फंड का पैसा एटीएम से निकालने की सुविधा चालू कर दी जाएगी. अब ये साफ हो गया है कि ईपीएफओ का पैसा निकालने की योजना के तहत भविष्य निधि सदस्य या ग्राहकों को एक तरह से बैंकिंग जैसी सुविधाएं मिल सकेंगी. ईपीएफओ सदस्यों के लिए जल्द नया कैश विड्रॉल प्रोसेस शुरू किया जाएगा, संभावना है कि एटीएम से पीएफ की राशि निकालने के लिए समर्पित कार्ड जारी किए जा सकते हैं. सुमिता डावरा के मुताबिक इसके लिए हार्डवेयर अपडेट किया जाएगा और इसके बाद नई प्रणाली शुरू की जा सकती है. ईपीएफओ सदस्यों को फिलहाल क्लेम के निपटान के लिए 7 से 10 दिनों तक का इंतजार करना पड़ता है. पीएफ की कुल 50 फीसदी रकम ही निकाल सकेंगे ईपीएफओ सदस्य. कर्मचारी भविष्य निधि संगठन के सदस्यों के लिए ये जरूरी खबर है कि वो अपने प्रॉविडेंट फंड की कुल जमा राशि का 50 फीसदी ही एटीएम जैसे कार्ड से निकाल सकेंगे.

इसके बारे में सूत्रों से जानकारी मिली है. एटीएम से पीएफ का पैसा निकाल सकेंगे मृत ईपीएफओ मेंबर के उत्तराधिकारी श्रम सचिव ने ये जानकारी भी दी है कि मृत ईपीएफओ मेंबर के नॉमिनी भी एटीएम के जरिए उनकी एंप्लाई डिपॉजिट लिंक्ड इंश्योरेंस की क्लेम राशि निकाल सकेंगे. इस इंश्योरेंस स्कीम के लिए एंप्लॉयर योगदान देते हैं. जिन सदस्यों की ऐवरेज मंथली सैलरी 15 हजार रुपये से ज्यादा है तो उनको 7 लाख रुपये तक की रकम पीएफ खाते से मिल सकती है. इसके अलावा जिनकी औसत मासिक आय 15,000 रुपये से कम है तो उनके लिए 5.5 लाख रुपये तक की रकम एटीएम से निकालने की सुविधा दी जा सकती है.

## एससीओए ने 16,000 लोगों के कौशल विकास की योजना बनाई

**बेंगलुरु.**




भारत के घरेलू ई-कॉमर्स मार्केटप्लेस फ्लिपकार्ट ने ई-कॉमर्स सप्लाई चेन में काम करने वालों को प्रशिक्षण एवं प्रमाणपत्र प्रदान करने के लिए अनूठी पहल करते हुए 2021 में सप्लाई चेन ऑपरेशंस एकेडमी (एससीओए) की स्थापना की थी। एससीओए में स्थानीय क्षेत्रों के वंचित समुदायों के युवाओं को निशुल्क एवं उद्योग के अनुरूप प्रशिक्षण प्रदान किया जाता है, जिससे वे तेजी से बढ़ते ई-कॉमर्स सेक्टर में सफल होने और स्थानीय सप्लाई चेन इकोसिस्टम को मजबूत करने में सक्षम बनें। एससीओए ने 2024 में 3,000 से ज्यादा लोगों को प्रशिक्षित किया, जिनमें 20 प्रतिशत से ज्यादा महिलाएं हैं। ये आंकड़े विविधता एवं समावेश की दिशा में फ्लिपकार्ट की प्रतिबद्धता को दिखाते हैं। यहां प्रतिभागियों को फ्लिपकार्ट के विभिन्न केंद्रों पर 45 दिन के हैंड्स-ऑन एक्सपीरियंस और ऑनलाइन क्लासरूम सेशन के माध्यम से रियल-वर्ल्ड ऑपरेशनल स्किल्स प्रदान की जाती हैं।

इस विशेष प्रोग्राम के माध्यम से स्थानीय युवाओं, महिलाओं, दिव्यांगों, सैन्य कर्मियों और ट्रांसजेंडर समुदाय के लोगों तक पहुंचा जाता है और उन्हें ई-कॉमर्स सेक्टर में रोजगार पाने में सक्षम बनाया जाता है। फ्लिपकार्ट के सीनियर वाइस प्रेसिडेंट और सप्लाई चेन, कस्टमर एक्सपीरियंस एवं री-कॉमर्स के प्रमुख हेमंत बद्री ने कहा, 'फ्लिपकार्ट लाखों स्थानीय कंपनियों को उनके ई-कॉमर्स के सफर में योगदान देने और देश के समावेशी विकास में सहभागी बनने के लिए प्रतिबद्ध है।

सप्लाई चेन ऑपरेशंस एकेडमी (एससीओए) का उद्देश्य छात्रों एवं संभावित पेशेवरों को ई-कॉमर्स, रिटेल एवं वेयरहाउसिंग सेक्टर में काम करने के लिए उपयुक्त कौशल प्रदान करना है। यह पहल भारतीय युवाओं को तेजी से बढ़ते ई-कॉमर्स सेक्टर के लिए जरूरी कौशल प्रदान करने के लिए समर्पित है। यह कार्यक्रम न केवल लोगों के जीवन में बदलाव ला रहा है, इस व्यापक पहल का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि यहां आने वाले सभी प्रतिभागी ई-कॉमर्स सप्लाई चेन सेक्टर की बदलती मांग को संभालने के लिए तैयार रहें। साथ ही इस प्रयास से भारत के सबसे तेजी से बढ़ते सेक्टर में से एक के लिए प्रतिभाशाली लोगों का एक पूल भी तैयार हो रहा है। विगत वर्षों में फ्लिपकार्ट ने देशभर में अपने हजारों सप्लाई चेन कर्मियों को प्रशिक्षित किया है, जिससे उन्हें अपना कौशल निखारने और सार्थक रोजगार के अवसर पाने में मदद मिली है।

## शेयर बाजार में मालामाल वीकली

### तीन आईपीओ में लगी 2.22 लाख करोड़ की बोली



**नई दिल्ली.**

शेयर बाजार में एक बार फिर बहार है और रौनक लौटने लगी है. इक्विटी निवेशकों का भरोसा बहाल होने लगा है और अधिक कमाई की उम्मीद जगने लगी है. इसी का नतीजा है कि शुक्रवार तक समाप्त हुए कारोबारी सप्ताह में निवेशकों ने तीन आईपीओ के लिए दो लाख 22 हजार करोड़ की बोली लगाने की पेशकश की है. निवेशकों ने मोबिक्विक के शेयर 119 गुना, विशाल मेगामार्ट के 27 गुना और साई लाइफ के 10.3 गुना शेयर खरीदने के इरादे जताए हैं. आईपीओ के प्रति निवेशकों के रुझान को देखते हुए लग रहा है.

कमजोर लिस्टिंग के बुरे ख्वाब अब खत्म हो सकते हैं. शेयर ख़रीदने की पेशकश का खराब दौर भी अब चला गया है. तीनों आईपीओ ने कुल मिलाकर 11 हजार 600 करोड से अधिक की राशि जुटाई है. फार्मा दिग्गज साई लाइफ साइंसेज के लिए 22 हजार करोड़ से अधिक की बोली लगी है. इसी तरह डिजिटल भुगतान क्षेत्र की प्रमुख कंपनी मोबिक्विक सिस्टम के शेयर 119 गुना अधिक खरीदने की पेशकश के साथ ही 39 हजार 542 करोड़ रुपये की बोली मिली है. वहीं 27.3 गुना सब्सक्रिप्शन हासिल करने वाली फैशन रिटेलर कंपनी विशाल मेगामार्ट के लिए एक लाख 60 हजार करोड़ की बोली लगी है. अक्टूबर-नवंबर में आए अधिकतर आईपीओ के खराब नतीजे के बाद इन तीनों आईपीओ के प्रदर्शन ने बाजार की उम्मीद जगा दी है. सितंबर में निफ्टी 50 इंडेक्स में रिकॉर्ड ऊंचाई से 10 फीसदी नीचे गिरने के बावजूद इन आईपीओ पर बहुत अधिक असर नहीं पड़ा है. तीनों आईपीओ के अच्छे प्रदर्शन के कारण शेयर बाजार के किनारे पड़ी कंपनियों में भी उत्साह जगा है. नवंबर के निचले स्तरों से बाजार में आई तेज उछाल के बाद आशा का संचार हुआ है. निफ्टी 50 इंडेक्स पिछले महीने के निचले स्तरों से 6 प्रतिशत तक चढ़ा है. विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) के पलटे रुझान से भी शेयर बाजार को ताकत मिली है.

## चीनी ड्रोन पर निर्भरता होगी खत्म



**नई दिल्ली.**

भारतीय कृषि ड्रोन बाजार 2030 तक 28 फीसदी सालाना वृद्धि के साथ 63.14 करोड़ डॉलर तक जा सकता है। अभी यह 14.54 करोड़ डॉलर का है। वैश्विक कृषि ड्रोन बाजार में भारत का हिस्सा इस समय 5.3 फीसदी का है। फिक्की एवं अर्न्स्ट एंड यंग की रिपोर्ट के अनुसार, ड्रोन और इसके कलपुर्जे का उद्योग देश के विनिर्माण क्षमता को 2030 तक 23 अरब डॉलर तक बढ़ा सकता है। वहीं इस मामले में विशेषज्ञों का कहना है कि भारत में वैश्विक स्तर पर चीनी ड्रोन पर निर्भरता को दूर करने की क्षमता है। प्रखर सॉफ्टवेयर सॉल्यूशंस के समूह सीईओ प्रदीप नामदेव कहते हैं कि कृषि में ड्रोन के उपयोग को बढ़ावा देने के लिए हमने किसानों को ड्रोन के बारे में शिक्षित करने के लिए 1500 एकड़ से अधिक भूमि में स्थानीय सरकारी निकायों के साथ एक पायलट प्रोजेक्ट शुरू किया है। उन्होंने कहा कि कंपनी का लक्ष्य 2027 तक ड्रोन से संबंधित क्षेत्रों में महिलाओं के लिए 5,000 रोजगार का अवसर पैदा करना है। भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद के साथ प्रखर ने साझेदारी की है। नामदेव ने आगे कहा, भारत में ड्रोन की बहुत संभावना है। रक्षा व राष्ट्रीय सुरक्षा के साथ कृषि और अन्य क्षेत्रों में भी काफी संभावनाएं हैं। प्रखर एकमात्र घरेलू ड्रोन निर्माता है जिसने स्वदेशी उड़ान नियंत्रक व एआई आधारित मॉडल व 3डी प्रिंटेड जैसे अन्य कंपोनेंट विकसित किए हैं।

## रिलायंस इंडस्ट्रीज ने किया बड़ा अधिग्रहण

**नई दिल्ली.** मुकेश अंबानी की अगुवाई वाली कंपनी रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड एक अधिग्रहण किया है। कंपनी ने नवी मुंबई आईआईए प्राइवेट लिमिटेड में 74 प्रतिशत हिस्सेदारी को खरीदा है। रिलायंस इंडस्ट्रीज ने यह हिस्सा 1628.03 करोड़ रुपये में खरीदा है। कंपनी ने एक्सचेंज को यह जानकारी दी है। दिग्गज कंपनी रिलायंस इंडस्ट्रीज ने नवी मुंबई आईआईए प्राइवेट लिमिटेड के 57.12 करोड़ शेयर 28.50 रुपये प्रति शेयर के हिसाब से खरीदा है। जोकि कंपनी के 74 प्रतिशत हिस्से के बराबर है। रिलायंस इंडस्ट्रीज ने इस डील की जानकारी शुक्रवार को बाजार बंद होने के बाद दी थी। बता दें, नवी मुंबई आईआईए प्राइवेट लिमिटेड में बची 26 प्रतिशत हिस्सेदारी के पास है। बता दें, इस अधिग्रहण के बाद नवी मुंबई आईआईए प्राइवेट लिमिटेड कंपनी की सब्सिडियरी हो चुकी है। कंपनी ने फाइलिंग को दी जानकारी में बताया है कि नवी मुंबई आईआईए प्राइवेट लिमिटेड का टर्न ओवर वित्त वर्ष 2021-22 में 34.74 करोड़ रुपये, वित्त वर्ष 2022-23 में 32.89 करोड़ रुपये और 2023-24 में 34.89 करोड़ रुपये रहा है।

## नए साल से पहले किसानों को बड़ा तोहफा

### बिना गारंटी के मिलेगा 1.6 लाख तक का लोन

**नई दिल्ली.** रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया ने किसानों को बड़ी राहत दी है। खेती में बढ़ते खर्च को देखते हुए सेंट्रल बैंक ने किसानों को बिना गारंटी के किसानों को मिलने वाले लोन की सीमा को 2 लाख रुपये तक बढ़ा दिया है। पहले लिमिट 1.6 लाख रुपये थी। एग्रीकल्चर मिनिस्ट्री ने शनिवार को जारी किए गए बयान में कहा है कि यह नई लिमिट 1 जनवरी 2025 से प्रभावी रहेगी। उम्मीद की जा रही है कि इस योजना का फायदा करोड़ों किसानों को मिलेगा। आरबीआई ने कृषि क्षेत्र को बिना गांरटी के लोन देने की शुरुआत 2010 में की थी। तब सेंट्रल बैंक ने



एक लाख रुपये बिना गांरटी के देने का ऐलान किया। 2019 में जिसकी सीमा बढ़ाकर 1.6 लाख रुपये कर दी गई थी। अब एक बार इसमें इजाफा किया गया है। एग्रीकल्चर सेक्टर में बढ़ती महंगाई की वजह से छोटे और मझोले किसानों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता था। जिसकी वजह से उनकी खेती प्रभावित हो रही थी। रिजर्व बैंक ने जो सीमा बढ़ाई है उसका इन किसानों को होगा। खेती किसानी करने वाले लोगों के पास बहुत सीमित संसाधन होते थे। ऐसे में बिना गारंटी के मिलने वाले इस लोन का फायदा किसानों को होगा। कृषि मंत्रालय ने अपने बयान में कहा है "यह कदम विशेष रूप से छोटे और सीमांत किसानों के लिए लोन पहुंच को बढ़ाता है। ये कम उधार लागत और अतिरिक्त आवश्यकताओं को हटाने से लाभान्वित होते हैं।


महाराष्ट्र राज्य लॉटरी
महाराष्ट्रलक्ष्मी विकली लॉटरी | सोडत दर शनिवारी | तिकीट किंमत रु. 50/- | सोडत क्र. 50 सोडत दिनांक 14/12/2024

पहिले सामाईक बक्षिस रु. 7 लाख — ML-07 : 1426

उत्तेजनार्थ बक्षिस रु. 5000/- — पहिल्या बक्षीसाची विजेता मालिका सोडून इतर सर्व मालिकांसाठी 1426 — महावीर लॉटरी सेंटर - कोल्हापूर, श्री गणेश एन्टरप्रायझेस - दादर, मुंबई

सर्व मालिकांसाठी • FOLLOWING NO.'S ARE COMMON TO ALL SERIES • सर्व मालिकांसाठी

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| दुसरे बक्षिस रु. 2000/- | 1364 | 1421 | 3485 | 5224 | 6018 | 6423 |
| तिसरे बक्षिस रु. 1000/- | 1584 | 2758 | 3936 | 4630 | 4870 | 5673 |
| चौथे बक्षिस रु. 500/- | 1174 | 1378 | 4070 | 4357 | 5287 | 5480 |
| पाचवे बक्षिस रु. 200/- | 2141 | 3790 | 4962 | 5392 | 5510 | 5814 |

रु.100/- (सर्व मालिकांसाठी) — सहावे बक्षिस रु. 100/- (सर्व मालिकांसाठी)

| | | | | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 1718 | 2192 | 2624 | 3133 | 3608 | 3987 | 4451 | 4894 | 5349 | 5759 | 6297 | 6672 |
| | | 1719 | 2201 | 2628 | 3152 | 3617 | 3992 | 4455 | 4899 | 5359 | 5763 | 6302 | 6673 |
| 1001 | 1277 | 1724 | 2211 | 2647 | 3200 | 3623 | 4019 | 4456 | 4922 | 5373 | 5771 | 6303 | 6676 |
| 1010 | 1279 | 1729 | 2215 | 2654 | 3237 | 3631 | 4046 | 4458 | 4929 | 5395 | 5775 | 6305 | 6681 |
| 1012 | 1291 | 1737 | 2217 | 2671 | 3287 | 3640 | 4049 | 4467 | 4940 | 5405 | 5779 | 6312 | 6683 |
| 1013 | 1295 | 1752 | 2229 | 2692 | 3292 | 3701 | 4058 | 4468 | 4945 | 5420 | 5783 | 6313 | 6684 |
| 1014 | 1307 | 1771 | 2231 | 2698 | 3297 | 3721 | 4075 | 4471 | 4960 | 5427 | 5794 | 6333 | 6688 |
| 1021 | 1321 | 1778 | 2246 | 2716 | 3305 | 3726 | 4084 | 4474 | 4974 | 5458 | 5800 | 6336 | 6699 |
| 1030 | 1344 | 1798 | 2253 | 2728 | 3307 | 3729 | 4094 | 4479 | 4984 | 5480 | 5830 | 6354 | 6702 |
| 1048 | 1351 | 1816 | 2262 | 2730 | 3319 | 3733 | 4095 | 4483 | 4990 | 5491 | 5835 | 6361 | 6705 |
| 1050 | 1381 | 1836 | 2263 | 2733 | 3320 | 3758 | 4110 | 4484 | 4994 | 5495 | 5851 | 6394 | 6709 |
| 1062 | 1398 | 1837 | 2269 | 2744 | 3325 | 3760 | 4151 | 4491 | 5003 | 5505 | 5875 | 6447 | 6713 |
| 1065 | 1411 | 1838 | 2275 | 2754 | 3326 | 3761 | 4158 | 4492 | 5009 | 5506 | 5879 | 6450 | 6716 |
| 1068 | 1413 | 1859 | 2278 | 2756 | 3327 | 3769 | 4160 | 4498 | 5012 | 5515 | 5885 | 6453 | 6722 |
| 1075 | 1414 | 1865 | 2282 | 2782 | 3332 | 3773 | 4196 | 4504 | 5036 | 5524 | 5900 | 6456 | 6728 |
| 1109 | 1416 | 1880 | 2283 | 2792 | 3335 | 3787 | 4202 | 4507 | 5039 | 5527 | 5905 | 6461 | 6729 |
| 1112 | 1447 | 1893 | 2306 | 2795 | 3344 | 3792 | 4227 | 4513 | 5049 | 5534 | 5914 | 6497 | 6733 |
| 1116 | 1481 | 1901 | 2320 | 2810 | 3353 | 3800 | 4234 | 4569 | 5063 | 5536 | 5915 | 6506 | 6736 |
| 1118 | 1501 | 1914 | 2342 | 2811 | 3361 | 3803 | 4240 | 4590 | 5085 | 5549 | 5953 | 6522 | 6753 |
| 1124 | 1519 | 1918 | 2344 | 2812 | 3375 | 3833 | 4244 | 4636 | 5087 | 5560 | 5954 | 6541 | 6755 |
| 1130 | 1520 | 1947 | 2349 | 2822 | 3379 | 3834 | 4342 | 4642 | 5105 | 5563 | 5957 | 6547 | 6760 |
| 1131 | 1525 | 1979 | 2352 | 2828 | 3382 | 3842 | 4349 | 4654 | 5157 | 5568 | 5989 | 6557 | 6761 |
| 1137 | 1534 | 1992 | 2392 | 2844 | 3389 | 3858 | 4352 | 4666 | 5162 | 5569 | 6003 | 6565 | 6762 |
| 1150 | 1555 | 2019 | 2411 | 2874 | 3392 | 3859 | 4354 | 4667 | 5166 | 5572 | 6028 | 6570 | 6763 |
| 1164 | 1586 | 2020 | 2412 | 2884 | 3397 | 3868 | 4371 | 4684 | 5187 | 5584 | 6052 | 6579 | 6776 |
| 1180 | 1588 | 2022 | 2421 | 2907 | 3403 | 3889 | 4373 | 4696 | 5205 | 5590 | 6060 | 6613 | 6799 |
| 1190 | 1592 | 2062 | 2432 | 2988 | 3426 | 3907 | 4374 | 4722 | 5244 | 5591 | 6061 | 6620 | 6836 |
| 1194 | 1610 | 2065 | 2492 | 2998 | 3437 | 3912 | 4401 | 4723 | 5246 | 5605 | 6143 | 6622 | 6837 |
| 1201 | 1633 | 2075 | 2520 | 3031 | 3456 | 3926 | 4410 | 4733 | 5252 | 5615 | 6144 | 6623 | 6860 |
| 1208 | 1641 | 2078 | 2543 | 3036 | 3473 | 3944 | 4411 | 4749 | 5255 | 5638 | 6163 | 6624 | 6867 |
| 1219 | 1646 | 2089 | 2568 | 3044 | 3479 | 3947 | 4420 | 4774 | 5273 | 5654 | 6168 | 6625 | 6875 |
| 1228 | 1686 | 2092 | 2573 | 3066 | 3521 | 3955 | 4433 | 4786 | 5275 | 5675 | 6230 | 6628 | 6907 |
| 1250 | 1707 | 2127 | 2575 | 3070 | 3582 | 3963 | 4434 | 4802 | 5286 | 5695 | 6238 | 6638 | 6966 |
| 1254 | 1708 | 2154 | 2616 | 3080 | 3591 | 3969 | 4436 | 4843 | 5288 | 5701 | 6256 | 6640 | 6973 |
| 1260 | 1711 | 2172 | 2621 | 3097 | 3601 | 3973 | 4445 | 4876 | 5325 | 5716 | 6295 | 6650 | 6984 |
| 1261 | 1712 | 2180 | 2622 | 3123 | 3603 | 3980 | 4448 | 4883 | 5333 | 5734 | 6296 | 6656 | 6993 |

महाराष्ट्र राज्य लॉटरी MAHARASHTRA STATE LOTTERY — MAHARASHTRA NATAL NEW YEAR BUMPER DRAW — सोडत दिनांक 03-01-2025
जिंका फक्त 4 अंकावर — मालिका 10 — पहिले सामायिक हमीपात्र बक्षिस ₹ 50 लाख (₹ 25 लाखाची 2 बक्षिसे) — दुसरे बक्षिस ₹ 10 लाख (₹ 10,000 X 100 बक्षिसे) — नव वर्षाच्या हार्दिक शुभेच्छा
महाराष्ट्रलक्ष्मी सोडत दिनांक 14/12/2024 — छपाईतील कोणत्याही चुकीबद्दल आम्ही जवाबदार नाही. अचूक निकालासाठी अधिकृत गॅझेट पाहावे. — प्रस्तुतकर्ता महाराष्ट्र राज्य लॉटरी
ऑनलाईन रिजल्ट मिळवा : : /princeagency : /princeagencypl : /princeagencymah


## विदेशी दौलत में भारत को हुआ मोटा नुकसान



**नई दिल्ली.**

### असेट्स और गोल्ड रिजर्व में भी गिरावट

▪ वहीं दूसरी ओर आरबीआई के डाटा के अनुसार 6 दिसंबर को समाप्त सप्ताह के लिए, फॉरेन करेंसी असेट्स 3.228 बिलियन अमेरिकी डॉलर घटकर 565.623 बिलियन अमेरिकी डॉलर हो गया. फॉरेन करेंसी असेट्स में विदेशी मुद्रा भंडार में रखे गए यूरो, पाउंड और येन जैसी नॉन-अमेरिकी यूनिट्स में तेजी या फिर गिरावट का का प्रभाव शामिल होता है. आरबीआई ने कहा कि सप्ताह के दौरान गोल्ड रिजर्व 43 मिलियन अमेरिकी डॉलर घटकर 66.936 बिलियन अमेरिकी डॉलर हो गया.

भारत के विदेशी मुद्रा भंडार में 3 बिलियन डॉलर से ज्यादा की गिरावट देखने को मिली है. जबकि पिछले हफ्ते करीब 8 हफ्तों के बाद फॉरेक्स रिजर्व में डेढ़ बिलियन डॉलर का इजाफा देखने को मिला था. लेकिन डॉलर इंडेक्स में तेजी और कम होती रुपए की वैल्यू की वजह से देश के फॉरेक्स रिजर्व में लगातार गिरावट देखने को मिली. अब देश के फॉरेक्स रिजर्व अपने ऑलटाइम हाई से 50 बिलियन डॉलर कम हो गया है.

वहीं दूसरी ओर स्टेट बैंक ऑफ पाकिस्तान का रिजर्व 3 साल के हाई पर पर पहुंच गया है. वैसे कमर्शियल बैंकों के फॉरेक्स रिजर्व में गिरावट देखने को मिली है. आइए आपको भी बताते हैं कि आखिर आरबीआई और एसबीपी की ओर से किस तरह के आंकड़े पेश किए हैं.

आरबीआई ने शुक्रवार जानकारी देते हुए कहा कि 6 दिसंबर को समाप्त सप्ताह में भारत का विदेशी मुद्रा भंडार 3.235 बिलियन अमेरिकी डॉलर घटकर 654.857 बिलियन अमेरिकी डॉलर हो गया. पिछले हफ्ते भंडार 1.51 बिलियन अमेरिकी डॉलर बढ़कर 658.091 बिलियन अमेरिकी डॉलर हो गया था, जिससे कई हफ्तों की गिरावट पर विराम लग गया था. सितंबर के अंत में विदेशी मुद्रा भंडार बढ़कर 704.885 बिलियन अमेरिकी डॉलर के सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंच गया था.

इसका मतलब है कि देश का फॉरेक्स रिजर्व ऑलटाइम हाई से 50 अरब डॉलर कम हो गया है.आरबीआई ने जानकारी देते हुए कहा कि एसडीआर 25 मिलियन अमेरिकी डॉलर बढ़कर 18.031 बिलियन अमेरिकी डॉलर हो गए. दूसरी ओर आईएमएफ के साथ भारत की आरक्षित स्थिति भी 12 मिलियन अमेरिकी डॉलर बढ़कर 4.266 बिलियन अमेरिकी डॉलर हो गई.

## प्रत्यक्ष बिक्री वाली 17 कंपनियों को मिला नोटिस

**नई दिल्ली.**



केंद्रीय उपभोक्ता संरक्षण प्राधिकरण (सीसीपीए) ने डायरेक्ट सेलिंग यानी प्रत्यक्ष बिक्री नियम का उल्लंघन करने वाली 17 कंपनियों को नोटिस भेजा है। इनमें से 13 संस्थाओं की जांच की जा रही है। तीन के जवाब का इंतजार हो रहा है। सीसीपीए ने जिन कंपनियों को नोटिस भेजा है उनमें विहान डायरेक्ट सेलिंग (इंडिया) (क्यूनेट ग्रुप, हांगकांग की सब-फ्रेंचाइजी), ट्रिपटेल्स, ओरिएन्स ग्लोबल मार्केटिंग, जेनेसा वेलनेस, ऑर्गोलाइफ सॉल्यूशंस, ओरिफ्लेम इंडिया और जंक्चर मार्केटिंग आदि शामिल हैं। इन पर आरोप है कि कुछ धोखाधड़ी करने वाली संस्थाएं मनी सर्कुलेशन योजनाओं को बढ़ावा देने के लिए डायरेक्ट सेलिंग मॉडल का दुरुपयोग करती हैं। एलआईसी म्यूचुअल फंड आईपीओ लाने की तैयारी में है। कंपनी ने कहा, जब उसका एसेट अंडर मैनेजमेंट एक लाख करोड़ रुपये हो जाएगा तब वह इसकी योजना बनाएगी। अभी 38,000 करोड़ रुपये है। कंपनी को वित्त वर्ष 2026 तक इस लक्ष्य को पाने का इरादा है। ईरा बिंद्रा को रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड (आरआईएल) पीपुल और टैलेंट विभाग (मानव संसाधन विभाग) का ग्रुप प्रेसिडेंट नियुक्त किया है। बिंद्रा मेडट्रॉनिक, यूएसए में एक प्रतिष्ठित करियर के बाद रिलायंस से जुड़ी हैं। मेडट्रॉनिक में उन्होंने मानव संसाधन प्रमुख और वैश्विक क्षेत्रों की उपाध्यक्ष के रूप में योगदान दिया है। विविध उद्योगों में व्यापक वैश्विक अनुभव के साथ, बिंद्रा रिलायंस में विशेषज्ञता का खजाना लेकर आई हैं। वे जीई जैसी प्रमुख फॉर्च्यून 100 कंपनियों में नेतृत्व की भूमिकाओं में शामिल रही हैं। उन्होंने भारत, संयुक्त राज्य अमेरिका, यूरोप, एशिया और लैटिन अमेरिका सहित विकासशील और विकसित बाजारों में जटिल कारोबारी माहौल में सफलतापूर्वक काम किया है।


१- श्रद्धा सबुरी लॉटरी, साई मंदिर
२- जय भोले लॉटरी, झेरी लॉन
३- न्यू बॉम्बे लॉटरी, लक्ष्मी भवन चौक धरमपेठ
४-साई लॉटरी, पंचशील चौक
५- अनिल बंसोड़ लॉटरी, झासीरानी चौक बर्डी
६- नरेंद्र लॉटरी, शिवम् मॉल के पास सीताबर्डी
७- प्रवीण लॉटरी महाराष्ट्र बैंक मुंजे चौक सीताबर्डी
८-मयूरी लॉटरी, आकाशवाणी चौक
९-माँ आंबे लॉटरी, आगाराम देवी
१०- नितिन लॉटरी, रामबाग कॉलोनी, मेडिकल चौक
११-दिलीप लॉटरी, नर्सिंग टॉकीज़, महाल
१२ श्री गणेश लॉटरी नर्सिंग टॉकीज़, महाल
१३-शुभम लॉटरी नर्सिंग टॉकीज़, महाल
१४ श्री गजानन लॉटरी झेंडा चौक, महाल
१५-आशीष लॉटरी शाहिद चौक, इतवारी
१६- ख्वाजा लॉटरी कमाल टॉकीज़, कमाल चौक
१७- वैभव लॉटरी इंदौरा चौक लष्करी बाग
१८-चिकटे लॉटरी सक्करदरा चौक
१९- ओमसाई लॉटरी,महाकाळकर बिल्डिंग, छोटा ताजबाग
२०- गुरुदेव लॉटरी , गांधीचौक चंद्रपुर
२१-गजानन लॉटरी, अकोला
22- प्रेम लॉंटरी सेंटर, कमाल चौक
23- नारायण लॉटरी, शहीद चौक, इतवारी
24- महावीर लॉटरी, बाजार चौक, कलमेश्वर

प्रविण कडू : 9822472123

महाराष्ट्र राज्य लॉटरी
महाराष्ट्र गणेशलक्ष्मी नाताळ विशेष मासिक सोडत
तिकीट किं. रु. 100/- • सोडत क्रमांक 12 • सोडत दिनांक 14/12/2024

| मालिका | GS-00 | GS-01 | GS-02 | GS-03 | GS-04 | GS-05 | GS-06 | GS-07 | GS-08 | GS-09 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| पहिले सामायिक बक्षिस रु. 22 लाख | – | – | – | – | – | – | 4089 | श्री गणेश एन्टरप्रायझेस - दादर, मुंबई प्रिन्स एजन्सी - मुंबई यांचा मार्फत | | |
| प्रोत्साहनपर बक्षिस रु. 9000/- (₹ 9 हजारची 9 बक्षिसे) | 4089 महाराजा असोसिएट्स, इचलकरंजी | 4089 | 4089 श्री गणेश एन्टरप्रायझेस, दादर, मुंबई | 4089 | 4089 महाराजा असोसिएट्स, इचलकरंजी | 4089 | – | 4089 | 4089 | 4089 |

सर्व मालिकांसाठी • FOLLOWING NO.'S ARE COMMON TO ALL SERIES • सर्व मालिकांसाठी

दुसरे बक्षिस रु. 10000/- : 2560 | 5230 | 7177
आजच्या सोडतीत रु. 10000/- ची अंदाजित 13 बक्षिसे जिंकली

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| तिसरे बक्षिस रु. 5000/- | 2657 | 5241 | 5255 | 6237 | 7297 | 7529 | 9542 | 9562 | 9598 | 9633 |
| चौथे बक्षिस रु. 2000/- | 0460 | 0521 | 1476 | 2855 | 3101 | 3264 | 3974 | 5186 | 7198 | 8177 |
| पाचवे बक्षिस रु. 1000/- | 1962 | 2271 | 2698 | 4416 | 5024 | 5690 | 5820 | 6748 | 9627 | 9952 |
| सहावे बक्षिस रु. 500/- | 0085 | 1144 | 2335 | 2797 | 3893 | 6448 | 6697 | 6878 | 7028 | 7483 |

रु.250/- (सर्व मालिकांसाठी) — सातवे बक्षीस रु. 250/- (सर्व मालिकांसाठी)

| | | | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 1221 | 1941 | 2672 | 3394 | 4403 | 5465 | 6281 | 6934 | 7758 | 8849 | 9497 |
| 0005 | 0376 | 1241 | 2026 | 2722 | 3399 | 4404 | 5491 | 6296 | 7005 | 7767 | 8863 | 9570 |
| 0008 | 0444 | 1251 | 2067 | 2728 | 3493 | 4414 | 5522 | 6306 | 7009 | 7772 | 8866 | 9592 |
| 0012 | 0506 | 1291 | 2084 | 2766 | 3502 | 4431 | 5545 | 6360 | 7075 | 7796 | 8875 | 9596 |
| 0015 | 0509 | 1296 | 2100 | 2822 | 3520 | 4443 | 5554 | 6365 | 7107 | 7878 | 8878 | 9597 |
| 0030 | 0534 | 1314 | 2120 | 2832 | 3523 | 4452 | 5562 | 6366 | 7115 | 7884 | 8884 | 9598 |
| 0040 | 0608 | 1373 | 2146 | 2834 | 3634 | 4455 | 5567 | 6432 | 7131 | 7984 | 8898 | 9612 |
| 0042 | 0622 | 1387 | 2155 | 2839 | 3637 | 4493 | 5568 | 6529 | 7142 | 8005 | 8926 | 9640 |
| 0050 | 0782 | 1391 | 2175 | 2903 | 3674 | 4505 | 5590 | 6536 | 7156 | 8148 | 8958 | 9692 |
| 0055 | 0785 | 1397 | 2227 | 2906 | 3687 | 4507 | 5653 | 6560 | 7177 | 8168 | 8981 | 9739 |
| 0059 | 0810 | 1403 | 2247 | 2923 | 3688 | 4527 | 5669 | 6600 | 7220 | 8184 | 8987 | 9761 |
| 0082 | 0836 | 1432 | 2259 | 2970 | 3723 | 4600 | 5706 | 6618 | 7243 | 8201 | 9032 | 9769 |
| 0087 | 0945 | 1454 | 2268 | 2977 | 3838 | 4634 | 5778 | 6642 | 7273 | 8236 | 9048 | 9784 |
| 0098 | 0964 | 1458 | 2273 | 3033 | 3903 | 4720 | 5867 | 6654 | 7275 | 8238 | 9078 | 9829 |
| 0100 | 0970 | 1491 | 2288 | 3043 | 3923 | 4949 | 5892 | 6656 | 7285 | 8288 | 9091 | 9830 |
| 0108 | 0972 | 1505 | 2298 | 3076 | 3943 | 4971 | 5897 | 6658 | 7294 | 8311 | 9093 | 9853 |
| 0126 | 1021 | 1531 | 2317 | 3205 | 4030 | 5095 | 5911 | 6677 | 7317 | 8398 | 9098 | 9873 |
| 0131 | 1029 | 1592 | 2318 | 3215 | 4070 | 5152 | 5915 | 6686 | 7327 | 8480 | 9099 | 9893 |
| 0196 | 1051 | 1661 | 2322 | 3217 | 4111 | 5155 | 5929 | 6697 | 7340 | 8498 | 9102 | 9895 |
| 0205 | 1081 | 1719 | 2324 | 3234 | 4134 | 5165 | 5941 | 6723 | 7370 | 8556 | 9149 | 9901 |
| 0222 | 1097 | 1774 | 2331 | 3251 | 4145 | 5287 | 5957 | 6726 | 7424 | 8602 | 9217 | 9902 |
| 0240 | 1111 | 1810 | 2337 | 3263 | 4186 | 5288 | 5958 | 6758 | 7433 | 8609 | 9249 | 9915 |
| 0266 | 1118 | 1829 | 2370 | 3274 | 4200 | 5335 | 6002 | 6764 | 7437 | 8687 | 9286 | 9924 |
| 0282 | 1130 | 1871 | 2436 | 3300 | 4215 | 5359 | 6036 | 6809 | 7443 | 8754 | 9316 | 9933 |
| 0295 | 1154 | 1872 | 2474 | 3336 | 4244 | 5382 | 6040 | 6837 | 7563 | 8798 | 9341 | 9938 |
| 0307 | 1180 | 1893 | 2532 | 3346 | 4307 | 5388 | 6087 | 6885 | 7709 | 8808 | 9350 | 9949 |
| 0331 | 1192 | 1908 | 2538 | 3351 | 4314 | 5440 | 6125 | 6909 | 7711 | 8820 | 9375 | 9959 |
| 0349 | 1193 | 1919 | 2627 | 3378 | 4394 | 5453 | 6236 | 6922 | 7732 | 8826 | 9426 | 9969 |
| 0365 | 1199 | 1930 | 2659 | 3385 | 4401 | 5458 | 6252 | 6927 | 7756 | 8828 | 9434 | 9991 |

छपाईतील कोणत्याही चुकीबद्दल आम्ही जवाबदार नाही.• अचूक निकालासाठी अधिकृत गॅझेट पाहावे.• प्रस्तुतकर्ता : महाराष्ट्र राज्य लॉटरी
महाराष्ट्र गणेशलक्ष्मी नाताळ विशेष मासिक सोडत — सोडत दिनांक 14/12/2024

# रविवारीय

**सुविचार**

जब कोई दोष छिपाया जाता है तो वह बड़ा हो जाता है और स्वीकार करें तो वह गायब हो जाता है.

## चुटकियों में महकाए आपका घर, रूम फ्रेशनर स्ट्रेस भी करेंगे दूर



सर्दियों में आमतौर पर ज्यादातर लोग घर में रहना पसंद करते हैं. ठंड के दौरानघर को खुशबूदार बनाने से न केवल वातावरण ताजगी से भर जाता है, बल्कि यह मानसिक शांति और आराम भी प्रदान करता है. सर्दियों में बाहरी ठंडक के बावजूद एक प्यारी खुशबू घर में गर्माहट और सकारात्मक ऊर्जा का एहसास कराती है. रोजमोर की डायरेक्टर ऋद्धिमा कंसल कहती हैं कि अगर ज्यादातर समय घर में बिताने का प्लान है तो आप अंदर के माहौल को वेलकमिंग बनाने के बारे में सोच सकती हैं. सर्दियों में घर के अंदर वुड और स्मोक्ड खुशबू सबसे ज्यादा पसंद की जाती है. आप इन फ्रेग्रेंस का इस्तेमाल कैंडल्स, डिफ्यूज़र या एयर फ्रेशनर में कर सकते हैं. चंदन: इसकी क्रीमी, सॉफ्ट फ्रेगरेंस एक आरामदायक एटमॉस्फियर बनाती है, जो सर्द रातों के दौरान मन को शांत कर सकती है. वेनिला: वेनिला होम फ्रेगरेंस का एक क्लासिक विकल्प हो सकता है. इस भीनी-भीनी खुशबू घर के माहौल को खुशनुमा बना सकती है. सेज और रोजमेरी: ये दोनों हर्ब्स घर में ठंड को महसूस करने से रोकते हैं और ताजगी का अहसास कराते हैं. फ्रेंच लैवेंडर और चंदन: ये दोनों ही सर्दियों में ताजगी और शांति प्रदान करते हैं. लैवेंडर की खुशबू तनाव कम करने में मदद करती है. फ्लोरल सेंट: गुलाब, चमेलीऔर लैवेंडर से भी पूरा घर महक सकता है। इन फूलों की खुशबू न केवल घर को ताजगी देती है, बल्कि मानसिक शांति और सुकून भी प्रदान करती है. एसेंशियल ऑयल: थोड़ी स्पाइसी खुशबू के लिए आप पेपरमिंट और सिट्रस के एसेंशियल ऑयल का इस्तेमाल कर सकते हैं. रिसर्च बताती हैं कि कुछ खास तरह की खुशबू मूड और फीलिंग्स को प्रभावित कर सकती हैं. इसके अलावा, पॉटपुरी और होममेड एयर फ्रेशनर जैसे प्राकृतिक विकल्प भी घर को ताजगी से भरने का बेहतरीन तरीका हैं. इन फ्रेगरेंस से न केवल पूरा घर महक उठता है बल्कि इनकी हल्की खुशबू से मूड भी हैप्पी रहता है.

## सर्दी में बच्चों का रखें खास ख्याल

### > मौसमी बीमारियों से होगा बचाव



सर्दी में बच्चों को विशेष देखभाल की जरूरत होती है क्योंकि इस मौसम में मौसम का तापमान काफी कम रहता है। इस कारण बच्चों को सर्दी, खांसी, जुकाम और वायरल होने का खतरा बढ़ता हैं। बहुत से बच्चों को सुबह उठकर जल्दी स्स्कूल भी जाना होता है। ऐसे में अगर बच्चों का ठीक से ध्यान न रखा जाएं, बच्चे जल्दी बीमार हो सकते हैं। इस समस्या से बचाव के लिए बच्चों की इम्यूनिटी को मजबूत बनाने के साथ बच्चों की देखभाल में कई तरह की सावधानियां बरतनी पड़ती हैं। बच्चों की इम्यूनिटी को बूस्ट करने के साथ सर्दी में बच्चों की स्किन को पोषण की भी जरूरत होती है, जिससे बच्चों की स्किल लंबे समय तक मॉश्चर रह सकें। आइए जानते हैं शारदा क्लीनिक के फिजिशियन डॉक्टर केपी सरदाना से कि सर्दी में बच्चों का ख्याल कैसे रखें।

❐ **सर्दी मे बाल धोने से बचें:** सर्दी से बचाने के साथ बच्चों की हेल्थ के लिए उन्हें साफ रखना भी जरूरी होता है। ऐसे में इस बात का विशेष तौर पर ख्याल रखें कि बच्चों का बाल धोने के लिए ज्यादा गर्म पानी को इस्तेमाल न करें। इससे बच्चे की स्किन को नुकसान हो सकता है। बच्चों के बाल धोने के लिए गुनगुना पानी यूज करें और दिन के समय बच्चों के बाल धोएं।

❐ **बच्चों को मसाज दें:** सर्दी में बच्चों का ख्याल रखने के लिए उनके शरीर की नियमित तौर पर मसाज अवश्य करें। ऐसा करने से बच्चों के शरीर का ब्लड सर्कुलेशन बढ़ता है और सर्दी से भी बचाव होता है। बच्चों को मसाज देने के लिए हल्के गुनगुने तेल का इस्तेमाल किया जा सकता है। लेकिन मसाज करने के दौरान इस बात का ख्याल रखें कि बच्चे को ठंड न लगें।

❐ **हाइड्रेटेड रखें:** सर्दी में अधिकतर बच्चे कम पानी पीते हैं। जिस वजह से उनका शरीर मेंपानी की कमी हो सकती है। ऐसे में सर्दी में बच्चों को बचाव के लिए उन्हें पर्याप्त मात्रा में पानी पिलाएं। पानी पिलाने के साथ बच्चों को जूस या फिर सूप दिया जा सकता है।

❐ **व्यायाम:** सर्दी में अधिकतर बच्चे फिजिकली एक्टिविटी कम करते हैं। जिस कारण उनकी इम्यूनिटी कमजोर हो सकती है। ऐसे में ज्यादा सर्दी होने पर अगर बच्चे बाहर नहीं जा रहे हैं, तो उन्हें घर पर ही व्यायाम करने के लिए प्रेरित करें। व्यायाम करने से बच्चे शारीरिक रूप से मजबूत होते हैं।

❐ **हेल्दी डाइट:** सर्दी में बच्चों को हेल्दी और उनकी इम्यूनिटी को मजबूत रखने के लिए उनकी डाइट में हरी सब्जियों के साथ फल, ड्राई फ्रूट्स और दालों को उनकी डाइट में शामिल करें। ऐसा करने से उनकी इम्यूनिटी मजबूत होने के साथ उनके शरीर को ताकत भी मिलेगी।

# सर्दियों में ले महाराष्ट्र घूमने का मज़ा

## महाराष्ट्र के हिल स्टेशन का रोमांचक होगा अनुभव

सर्दियों लोग अपनी फैमिली के साथ कहीं न कहीं घूमने का प्लान जरूर बनाते हैं. ज्यादातर लोग सर्दियों में शिमला, मनाली और गुलमर्ग जैसी जगहों पर जाना पसंद करते हैं. लेकिन अगर आप इन जगहों पर जाकर बोर हो गए हैं तो इस बार विंटर वेकेशन्स पर आप महाराष्ट्र के हिल स्टेशन पर घूमने जा सकते हैं. महाराष्ट्र में घूमने की बात होती है, तो यहां लोग मानसून में ही घूमना पसंद करते हैं. लेकिन सर्दियों में यहां के खूबसूरत हिल स्टेशन पर घूमने का मजा ही अलग है. तो चलिए आपको महाराष्ट्र के कुछ शानदार और खूबसूरत हिल स्टेशनों के बारे में बताते हैं, जो घूमकर आपको काफी मजा आने वाला है. महाबलेश्वर महाराष्ट्र का सबसे प्रसिद्ध हिल स्टेशन है, जो पश्चिमी घाट की पहाड़ियों में स्थित है. महाबलेश्वर का मौसम सर्दियों में ठंडा होता है. यहां के घने जंगल, झीलें और समुद्रतल से ऊँचाई पर स्थित प्वाइंट्स काफी शानदार नजारा पेश करते हैं. टेबल लैंड, वेण्णा झील और एलिफंट्स हेड प्वाइंट यहा के प्रमुख आकर्षण हैं.





लोनावला और खंडाला: लोनावला और खंडाला मुंबई और पुणे के बीच स्थित दो प्रसिद्ध हिल स्टेशन हैं. यहां के पहाड़ी दृश्य, झरने और घने जंगल एक जादुई अहसास दिलाते हैं. लोनावला के कुछ प्रमुख आकर्षणों में सेहस्ट्रेज और पवना झील शामिल हैं.

पंचगनी: महाबलेश्वर से लगभग 20 किलोमीटर की दूरी पर स्थित पंचगनी बेहद शांत हिल स्टेशन है. यहां का ठंडा मौसम, घने जंगल और शानदार दृश्य इस जगह को बेहद खास बनाते हैं. पंचगनी में वाई टेबल, 12 आंखें और बाबा ब्राह्मण मंदिर यहां के प्रमुख दर्शनीय स्थल हैं. पंचगनी में आप ट्रैकिंग, पिकनिक और ताजगी से भरपूर अनुभव का आनंद ले सकते हैं.

भीमाशंकर: भीमाशंकर पुणे से लगभग 100 किलोमीटर की दूरी पर स्थित एक धार्मिक और पर्यटन स्थल है. यह स्थान भव्य जंगलों और पहाड़ियों से घिरा हुआ है. यहां मौजूद प्रसिद्ध भीमाशंकर मंदिर हिंदू धर्म के 12 ज्योतिर्लिंगों में से एक है. सर्दियों में यहां का तापमान और ज्यादा गिर जाता है. यहां के जंगलों में ट्रैकिंग का अनुभव बहुत रोमांचक होता है.

## ठंड में सजाएं फूलों से बगिया

सर्दी के फूल अलग ही रंग लेकर आते हैं। इस मौसम में गुलदाउदी और डहलिया के साथ-साथ कैलेंडुला, नैस्टर्टियम, सिनेरेरिया आदि पौधे भी कई रंग के फूल लेकर आते हैं। इन मौसमी फूलों के पौधों को रंग, आकार और रूप की ज़बरदस्त विविधता का लाभ मिलता है। ये पौधे कम समय में और आसानी से बाग़ीचे में प्रतिस्थापित किए जा सकते हैं। इन्हें घर की क्यारियों, बाउंड्रीवॉल के किनारे, खिड़की पर बर्तन या बॉक्स आदि की मदद से लगा सकते हैं।



कैलेंडुला: कैलेंडुला बीज द्वारा उगाया जाता है, जिसे पॉट मैरीगोल्ड भी कहा जाता है। कैलेंडुला पौधे में सुंदर और पीले नारंगी रंग के फूल खिलते हैं। यह शुरुआती ठंड से वसंत में आख़िरी ठंड तक फूलता है और जीवित रह सकता है। इस पौधे को सीधी धूप में ही रखें। पानी की आवश्यकता भी इसे कम होती है। केवल कभी-कभी पानी देने पर ये पौधा अच्छी तरह पनपता है और फूल देता है। कैलेंडुला में जो फूल मुरझा जाएं उन्हें हटा दें, जिससे पौधों में और नई कलियां खिलने लगेंगी।

गुलदाउदी: गुलदाउदी के फूलों से घर में एक सकारात्मक ऊर्जा का प्रवाह होता है। इसके फूल बड़े और सुवासित होते हैं। गुलदाउदी उगाने के लिए बगिया की मिट्टी सबसे अच्छी होती है क्योंकि इसकी जड़ें काफ़ी छोटी होती हैं। इसमें जो पत्तियां सूख गई हैं, उन्हें छांट दें और खाद पानी का विशेष ध्यान रखें। गमलों में पानी बिल्कुल ना रुकने दें नहीं तो पौधा मर जाएगा।

डहलिया: डहलिया को बीज या कंदों दोनों की मदद से लगा सकते हैं। इस पौधे को सर्दियों की धूप बहुत भाती है। अधिक धूप मिलने पर इसके फूलों का आकार बढ़ जाता है। डहलिया पर 4 से 6 शाखाओं को ही रखें और ऊपर की ज़्यादा पत्तियों को हाथ से खींचकर हटा दें। अधिक सर्दी पड़ने पर पौधे की पर्याप्त सिंचाई करें। जिन्निया को अक्सर बालकनियों और छतों पर कंटेनरों में उगाया जाता है क्योंकि इसके लिए धूप वाली जगह बेहतर होती है। रंगीन फूलों वाले जिन्निया के बीजों को अंकुरित होने के लिए थोड़े गर्म तापमान की आवश्यकता होती है। लगभग 45 से 50 दिनों के बाद जिन्निया के फूल खिलने लगते हैं। कुछ तनों को हाथ से खींचकर हटा दें जिससे ज़्यादा फूल आएंगे और पौधा झाड़ीनुमा बनेगा। वहीं सिंचाई के लिए पौधे और पत्तियों पर पानी डालने के बजाय मिट्टी पर पानी डालें।

नैस्टर्टियम: नैस्टर्टियम फूल बहुमुखी है। इस पौधे के फूल और पत्तियां खाने योग्य होती हैं। इसके अलावा नैस्टर्टियम फूलों का चमकीला रंग और मनमोहक सुगंध सम्पूर्ण वातावरण को सुखद बना देते हैं। नैस्टर्टियम को गमले और क्यारियों में आसानी से लगाया जा सकता। इसके पौधे को अधिक देखभाल की आवश्यकता नहीं पड़ती।

## घरेलू चीजों से बने ब्लशर आएंगे काम

चेहरे पर गुलाबी निखार तो हर महिला को अच्छा लगता है. अपने गालों पर निखार पाने के लिए महिलाएं तरह-तरह के ब्लश का इस्तेमाल करती हैं. ब्लश लगाने के बाद चेहरे पर एक अलग ही चमक आ जाती है. ऐसे में कुछ महिलाएं तो बिना मेकअप के ही सिर्फ अपने गालों को पिंक करती हैं. ब्लश की डिमांड भी मार्केट में खूब बढ़ गई है. इसलिए अब तो कई तरह के ब्लश मार्केट में उपलब्ध हैं.

हालांकि, इन ब्लश को बनाने के लिए केमिकल का इस्तेमाल किया जाता है. कुछ महिलाओं की स्किन सेंसेटिव होती है, जिसकी वजह से केमिकल से बने इन ब्लश से उनके चेहरे दिक्कतें आने लगती हैं. अगर आपकी भी स्किन सेंसेटिव है तो आप घर पर ही कुछ घरेलू चीजों से ब्लश बना सकती हैं. चुकंदर में नेचुरल लाल रंग पाया जाता है. ये आपको शरीर में खून बढ़ाने के लिए काफी फायदेमंद होता है. इससे आपके चेहरे पर भी गुलाबी रंगत आती है. आप चुकंदर से एक लिक्विड ब्लश तैयार कर सकती हैं. इसके लिए आप चुकंदर को कद्दूकस कर लें और उसका रस निकाल लें. इसे हल्के हाथों से गालों पर लगाएं और धीरे-धीरे मालिश करें. चुकंदर का रस गालों को गुलाबी बनाता है और त्वचा को पोषण भी देता है. चेहरे को गुलाबी करना है, तो गुलाब का इस्तेमाल तो बनता है. गुलाब आपकी स्किन को पिंक और चमकदार बनाने में मदद करता है. आप इससे एक क्रीमी ब्लश बना सकती हैं. आपको गुलाब की ताजी पंखुड़ियों को पीस लेना है. इसमें थोड़ी सी मलाई या दूध मिला लें हैं. इस पेस्ट को गालों पर लगाकर 10 मिनट बाद धो लेंना है. गुलाब का नेचुरल कलर गालों को सॉफ्ट और गुलाबी बनाती है.

## सिर्फ 3 चीजों से झटपट बनाएं मूंगफली की चिक्की


सर्दियों के मौसम में मूंगफली खाने का मजा ही अलग होता है. इस मौसम में आने वाली फ्रेश मूंगफली को हर कोई खाना पसंद करता है. मूंगफली से कई तरह की रेसिपीज बनाई जा सकती हैं. अगर आप भी मीठा खाने के शौकीन हैं तो आप मूंगफली और गुड़ की चिक्की बना सकते हैं.



सर्दियों के मौसम में गुड़ वाली चिक्की का सेवन न सिर्फ स्वाद बल्कि, सेहत के लिए भी काफी अच्छा माना जाता है. क्योंकि गुड़ की तासीर गर्म होती है जो शरीर को अंदर से गर्म रखने में मददगार है. वहीं बात करें मूंगफली की तो इसमें कार्बोहाइड्रेड, विटामिन बी, विटामिन-सी, कैल्शियम, मैग्निशियम, जिंक फॉस्फोरस जैसे तमाम गुण पाए जाते हैं, जो शरीर को कई लाभ पहुंचाने में मददगार हैं. तो चलिए बिना किसी देरी के जानते हैं मूंगफली की चिक्की बनाने की आसान रेसिपी. सामग्री- मूंगफली, गुड़,घी, विधि- मूंगफली की चिक्की बनाने के लिए सबसे पहले मूंगफली को भून लें और मोटे तौर पर क्रश कर लें. फिर गुड़ को 1/2 कप पानी डालकर गाढ़ा होने तक पकाएं. इस सिरप को तब तक उबलने दें जब यह पूरी तरह गाढ़ा न हो जाए. आप चाहे तो ठंडे पानी में इसकी कुछ बूंदे डालकर चेक भी कर सकते हैं की यह गाढ़ा हुआ है या नहीं. इसमें मूंगफली डालकर अच्छे से मिलाएं. एक ट्रे में घी लगा लें और तैयार किए गए मिश्रण को फैलाएं. इस मिश्रण को 1 इंच मोटाई में फैलाएं. जब यह पूरी तरह ठंडा हो जाएं तो इसके पीस अपनी पसंद के अनुसार काटें और एयर टाइट कनटेंनर में भरकर स्टोर कर मजे लें.

## क्या उंगलियों की सूजन से आप भी हैं परेशान?

सर्दी का मौसम ज्यादातर लोगों को काफी पसंद है. लेकिन ठंड ज्यादा बढ़ जाने की वजह से काफी लोगों के हाथ और पैर की उंगलियों सूजन आने लगती हैं, जिसके कारण वो काफी परेशान रहते हैं. इन्हें ठीक करने के लिए लोग कई बार ऐसी चीजें कर लेते हैं, जिससे उनकी परेशानी और बढ़ जाती है. वैसे घरेलू उपायों की मदद से इस समस्या से छुटकारा पाया जा सकता है.आमतौर पर उंगलियों में सूजन हानिकारक नहीं होती है, लेकिन इसकी वजह से उंगलियों में दर्द बहुत ज्यादा होता है.उंगलियों में आई सूजन त्वचा के ठंडी हवा के संपर्क में आने के बाद छोटी ब्लड वेसल की सूजन के कारण से होती है. इससे निजात पाने से पहले इसके कारण के बारे में जानना बहुत जरूरी है ताकि इससे आसानी और



आराम से छुटकारा पाया जा सके. ठंड के संपर्क में आने की वजह से कई बार उंगलियों में ब्लड वेसल सिकुड़ जाती हैं, जिसके कारण ब्लड फ्लो कम हो जाता है और उंगलियां सूज जाती हैं. हाइड्रेशन की कमी होने से भी काफी बार उंगलियां सूज जाती हैं. चाहे मौसम ठंडा हो या गर्म पानी का सेवन सही मात्रा में होना बेहद जरूरी है. ऐसा नहीं होने से आपके शरीर में डिहाइड्रेशन हो जाएगा. अगर आप सही मात्रा में पानी का सेवन करते रहेंगे तो उंगलियां सूजेंगी कम. कई बार किसी एलर्जी की वजह से भी उंगलियों में सूजन हो सकती है. इसके अलावा मात्रा में नमकीन फूड आइटम्स का सेवन करने से भी उंगलियों में सूजन हो सकती है. गठिया, ऑटोइम्यून विकार, गुर्दे की बीमारी व अन्य स्थितियों की वजह से भी उंगलियों में सूजन हो सकती है. सर्दी के मौसम में आप अपने हाथों को गर्म रखें. इसके लिए आप दस्तानों का उपयोग कर सकते हैं. सूजन को कम करने के लिए आप अपने हाथों को ऊपर की तरफ उठाएं ताकि सही ब्लड फ्लो बना रहे. सूजन को कम करने और ब्लड फ्लो को बढ़ाने के लिए अपने हाथों और पैरों की उंगलियों की गर्म पानी से सिकाई करें या कुछ समय उसमें डुबोकर रखें.

## हेल्थ एंड फिट कैप्सूल फिटनेस की हितकारी औषधि

❏ आजकल की भागदौड़ के जीवन में फिट रहना ऊर्जावान रहना अति आवश्यक है। इसके लिए संतुष्टि आहार स्वास्थ्य के नियमों का पालन करना भी आवश्यक है। इसके साथ साथ आयुर्वेदिक रसायन औषधि अथवा टॉनिक का सेवन भी लाभप्रद होता है। शिवशंकर आयुर्वेदिक एजंसी सिताबर्डी टेंपल बाजार रोड नागपुर द्वारा निर्मित एवं वितरित 'हेल्थ एंड फिट कैप्सूल्स' अत्यंत उपयोगी टॉनिक साबित हुई है। उसमें घटक द्रव्यों में ब्राह्मी, शंखपुष्पी -अश्वगंधा यह आयुर्वेदिय औषधि शारीरिक एवं मानसिक बल प्रदान करने वाली होने से शरीर एवम् मन को उत्साहित रखने मे सहायक होती है। इसके साथ साथ विटामिन बी3, बायोटिन, कैल्शियम, ग्रेप सीडस एक्सट्रेक्ट, ओमेगा यह एवं






बाकी मल्टी- विटामिन यह शरीर की ऊर्जा का स्त्रोत होने के कारण थकान को हटाकर शरीर की आवश्यकताओं को पूरा करके शरीर को पूरी तरह ऊर्जा प्रदान करने मे सहायक होता है। जिसके काल रोग की भागदौड़ भरी जीवन में शारीरिक एवम् मानसिक ऊर्जा भरपूर मिलती है. जिससे शरीर एवम् मन काम करके भी दुरुस्त तरोताजा रखने मेक् सहायता मिलती है. जिन व्यक्तियों को थकान, चाहे वह शारिरीक से या मानसिक होती है। काम में मन एवम् ऊर्जा नही लगता ऐसे लोगों को इसका सेवन अनुभवी वैरयों की सलाह से करसे घर बहुम अच्छा शारीरिक एवम् चित मानसीक फायदा लेकर शरीर मन तरोताजा होकर कार्यक्षमता बढ़ने मे सहायता मिल जाती है। जिससे पूरा दिन अच्छा होता है और स्वास्थ्य लाभ होते हुए देखा जा सकता है. तथापि इच्छुक व्यक्ति या रुग्ण जो कमजोरी तक थकान से ग्रस्त है वह व्यक्ति शिव शंकर आयुर्वेदिक अनुभवी की वैद्यो से औषधि ले सकते है.

**शिवशंकर आयुर्वेद एजन्सी**

सीताबर्डी स्तिथ शिवशंकर आयुर्वेदिक एजेंसी अथवा क्लिनिक में (0712) 2567747, 2536077 इन दूरध्वनी क्रमांको पर संपर्क स्थापित करें

## ठंड में कौन से फल खाने चाहिए ?

फलों का सेवन सेहत के लिए बेहद फायदेमंद माना जाता है. हर मौसम के मौसमी फल आते हैं, जिनका सेवन सेहत के लिए रामबाण से कम नहीं है. लेकिन क्या आप ये जानते हैं कि सर्दियों के मौसम में कौन से फल खाने चाहिए. क्योंकि अगर आप ये जानते हैं तो मौसमी फलों का अधिक लाभ उठा सकते हैं. सबसे अच्छी बात ये कि सर्दी में हमारी इम्यूनिटी को बढ़ाने में भी मददगार हैं मौसमी फल. मजबूत इम्यूनिटी शरीर को कई तरह के संक्रमण से बचाने में मददगार है. तो चलिए जानते हैं



ठंड में कौन से फल खाना चाहिए. संतरा: संतरा सीजनल फल है. ठंड में संतरा का सेवन सेहत के लिए लाभकारी माना जाता है. कई लोग सोचते हैं सर्दियों में संतरा खाने से ठंड लग सकती है. लेकिन ऐसा नहीं है, सर्दियों में संतरा सेहत के लिए काफी फायदेमंद होता है. दिन के समय आप संतरा का सेवन कर सकते हैं. इसमें एंटी-ऑक्सीडेंट और विटामिन सी जैसे गुण पाए जाते हैं. आलूबुखारा- आलूबुखारा एंटीऑक्सीडेंट से भरपूर होता है, जो इम्यूनिटी बूस्ट करने में मददगार है. सर्दियों में आलूबुखारा का सेवन करने से शरीर को मजबूती मिल सकती है. केला-सर्दियों में केला खाना भी आपके लिए लाभकारी हो सकता है. रोजाना एक केला खाने से आपके शरीर को तुरंत एनर्जी मिल सकती है. अमरूद-सर्दियों में अमरुद का सेवन करने से पेट अच्छे तरीके से साफ होता है.

वहीं, सर्दी-जुकाम की परेशानी भी दूर होती है. इतना ही नहीं, अमरुद विटामिन सी और कई अन्य पोषक तत्वों से भरपूर होता है, जो इम्यूनिटी बूस्ट करने में मददगार है. अनार- सर्दियों में ब्लड से जुड़ी परेशानियां होने की संभावना काफी ज्यादा बढ़ जाती है. ऐसे में आप अनार का सेवन कर सकते हैं. अनार स्किन पर निखार लाने और वजन को घटाने में भी मददगार है.

**नागपुर मेट्रो समाचार :** फैजान मिडिया सर्विसेस प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशकः फैजान सिराज शेख ने देश पब्लिकेशन, ई-30/2 हिंगणा एमआईडीसी, नागपुर-16 से मुद्रित कर 532, हनुमान नगर नागपुर.440009 से प्रकाशित किया.
संपादकः इमरान मुमताज शेख, मो. 9730005662 (पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार) ngpms2019@gmail.com RNI.NO - MAHHIN/2019/78960 (सभी न्यायालयीन प्रक्रिया नागपुर न्यायालय में होगी.)

CMYK

# बढ़ता प्रदूषण लॉयड्स का, घुग्गुस की जनता जिम्मेदार क्यों?

**> महाराष्ट्र राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की लापरवाही से बढ़ रहा प्रदूषण > शासन व्यवस्था का अजब-गजब खेल**

**चंद्रपुर, सुनील तायडे**




केंद्रीय पर्यावरण मंत्री ने महाराष्ट्र प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड और वन विभाग को घुग्घुस में लॉयड मेटल्स एंड एनर्जी लिमिटेड के प्रस्तावित विस्तार पर एक पर्यावरण रिपोर्ट प्रस्तुत करने का निर्देश दिया। हालांकि, चंद्रपुर में प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के क्षेत्रीय अधिकारी तानाजी यादव ने घुग्घुस में प्रदूषण के लिए नगर परिषद को जिम्मेदार ठहराया है। संभावना है कि यादव सिर पर घाव होने के बावजूद पैर पर पट्टी बांधने का यही तरीका खोज लेंगे. दिलचस्प बात यह है कि यह यादव ही थे जिन्होंने कुछ महीने पहले प्रदूषण को लेकर लॉयड्स मेटल को कारण बताओ नोटिस जारी किया था।

सितंबर में, लॉयड्स मेटल्स के प्रस्तावित विस्तार के संबंध में एक पर्यावरण जनमत संग्रह आयोजित किया गया था। इस जनसुनवाई में पर्यावरणविदों ने मौजूदा परियोजना पर प्रदूषण का मुद्दा उठाया. प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड ने बताया कि विस्तार से झुग्गीवासियों का जीवन कठिन हो जाएगा। इस बीच, स्वराज्य रक्षक सामाजिक संस्था के अध्यक्ष मनोज पोतराजे ने केंद्रीय पर्यावरण मंत्री भूपेन्द्र यादव को पत्र भेजकर मांग की है कि प्रस्तावित परियोजना को अंतिम मंजूरी देने से पहले पर्यावरणीय मुद्दों की जांच की जाये.

इस पत्र पर संज्ञान लेते हुए यादव ने महाराष्ट्र प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड और उप निदेशक वन विभाग, नागपुर को मामले की तुरंत जांच कर रिपोर्ट सौंपने का निर्देश दिया. जब रिपोर्ट तैयार करने की प्रक्रिया चल रही थी तब महाराष्ट्र प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड का चंद्रपुर कार्यालय जांच में कूद पड़ा। पोटाराजे द्वारा केंद्रीय प्रदूषण मंत्री को भेजे गए पत्र का उन्होंने 29 नवंबर 2024 को जवाब दिया. उन्होंने इसमें एक और पत्र जोड़ दिया. वह संयुक्त पत्र 5 मार्च 2024 को यादव द्वारा घुग्घुस नगर परिषद को भेजा गया था।

इस पत्र में बताया गया है कि घुग्गस में खुले स्थानों पर घरेलू उपयोग के लिए लकड़ी का कोयला जलाया जाता है। सड़कों की अनियमित सफाई से धूल उड़ रही है। इससे प्रदूषण बढ़ गया है. विशेष रूप से, घुग्घूस में लगभग हर घर के पास अब गैस सिलेंडर है।

फिर सवाल खड़ा हो गया है कि प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के अधिकारीयो को कोयला जलते हुए कहां दिखा. यादव ने इस पत्र में यह भी दावा किया है कि हमने इस संबंध में 2024 में एक सर्वेक्षण भी कराया था. गौरतलब है कि एक महीने बाद ही 26 जून 2024 को प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड ने लॉयड मेटलस को कारण बताओ नोटिस भेजा था. इससे पहले उन्होंने इन लॉयड मेटल्स की जांच की थी। इसमें कई गंभीर मामले सामने आये.

टायर धोने की प्रक्रिया से उत्पन्न अपशिष्ट जल के लिए एक रीसाइक्लिंग टैंक प्रदान नहीं किया गया था। अशुद्ध सीवेज सीधे उद्योग की चहारदीवारी के पास बहाया जा रहा है। कच्चा माल खुले में रखा हुआ था। उस पर पानी छिड़कने की कोई व्यवस्था नहीं थी. प्रोजेक्ट की सड़कों पर जगह-जगह धूल की परत देखी गई है. कच्चे माल के रख-रखाव क्षेत्र के निकट धुएँ और धूल का उत्सर्जन देखा गया। विद्युत उत्पादन संयंत्र से निकलने वाले अपशिष्ट पदार्थ को बिना किसी उपचार के सीधे फैक्ट्री परिसर में बने कच्चे तालाब में प्रवाहित किया जा रहा है।

घरेलू सीवेज के उपचार के लिए स्थापित सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट (एसटीपी) चालू हालत में नहीं पाया गया। यादव ने कारण बताओ नोटिस में ऐसी गंभीर बातें दर्ज की हैं. हालांकि, उन्होंने केंद्रीय मंत्री के पत्र का जवाब देते हुए उन्हें गुमराह करने की कोशिश की और प्रदूषण का ठीकरा घुग्घुस नगर परिषद पर फोड़ दिया. इस संबंध में हमेशा की तरह यादव की प्रतिक्रिया उपलब्ध नहीं हो सकी.

केंद्रीय पर्यावरण मंत्री ने मेरे पत्र का संज्ञान लिया है और जांच रिपोर्ट सौंपने का आदेश दिया है. लेकिन महाराष्ट्र प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के स्थानीय अधिकारी पर्यावरण मंत्री को गुमराह कर रहे हैं. प्रदूषण के लिए घुग्घुस नगर परिषद को जिम्मेदार ठहराया गया। यह एक गंभीर मामला है। ऐसी जानकारी एक प्रेस विज्ञप्ति द्वारा मनोज पोतराज अध्यक्ष, स्वराज्य रक्षक सोशल सोसायटी, चंद्रपुर ने दी.



# पुलिस की कार्रवाई में दो तलवार जप्त

**बल्लारपुर.**

चंद्रपुर जिले में अवैध हथियार रखने वालो पर जिला पुलिस अधीक्षक मुम्मका सुदर्शन ने कार्यवाही की मुहीम शुरु की है. जिसमे जिले के बल्लारपुर पुलिस स्टेशन अंतर्गत अब तक बंदूक, जिंदा कारतूस, तलवार मिलने के सबसे ज्यादा मामले दर्ज होने की तस्वीर ही उभर रही है. 14 दिसंबर 2024 को बल्लारपुर पुलिस स्टेशन के डी.बी दल के अधिकारी और कर्मचारी बस्ती क्षेत्र में पेट्रोलिंग कर रहे थे. इसी दरम्यान भगत सिंह वार्ड में कमल रामचंद्र वर्मा 21 ने जनता में दहशत फैलाने के उदेश से अपने घर में तलवार छुपाकर रखने की गुप्त जानकारी पुलिस दल को मिली थी. जानकारी के आधार पर पुलिस दल ने कमल के घर पर छापामार कार्यवाही कर जाँच करने पर घर से 2 तलवार मिली है. पुलिस ने कमल रामचंद्र वर्मा को गिरफ्तार कर बल्लारपुर पुलिस स्टेशन में कलम 25,4, भारतीय हथियार कानून तहत मामला दर्ज किया है.

यह कार्यवाही जिला पुलिस अधीक्षक मुम्मका सुदर्शन, अप्पर जिला पुलिस अधीक्षक रीना जनबंधु, राजुरा एसडीपीओ दीपक साखरे के मार्गदर्शन में बल्लारपुर पुलिस स्टेशन पुलिस निरीक्षक सुनील गाड़े के नेतृत्व में सपोनि ए. एस टोपले, पोउपनि हुसैन शहा, सफो गजानन डोईफोडे, आनंद परचाके, पोहवा सत्यवान कोटनाके, रणविजय ठाकुर, सुनील कामतकर, पुरषोत्तम चीकाटे, संतोष डण्डेवार, संतोष पंडित, विकास जुमनाके, शरदचंद्र कारुष, वसीठ रंगारी, शेखर माथनकर, लखन चौहान, खंडेराव माने, मिलिंद आत्राम, भूषण, भास्कर चिचवलकर, महिला पुलिस अनीता नायडू ने की है.

# हादसे में दुपहिया सवार महिला की मौत

**चंद्रपुर.**




चंद्रपुर जिले में दुर्घटना में मौत का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है. जिले के सिंदेवाही पुलिस स्टेशन अंतर्गत 12 दिसंबर 2024 को सुबह दुपहिया से अपने पति के साथ जाने वाली महिला को ट्रैक्टर का पल्ला लगाने से गंभीर घायल हुई थी. लीलाधर किसन बुरबांधे रा.

मुरझा तह. ब्रम्हपुरी अपनी पत्नी वर्षा बुरबांधे और लड़की के साथ अपनी दुपहिया क्र. एम.एच 34 सी एच 5877 से रत्नापुर में जाने दरम्यान कच्चेपार गांव के पास ट्रैक्टर क्र. एम एच 34 बी एफ 0913 ने दुपहिया को ओवरटेक किया. तभी ट्रैक्टर का पल्ला वर्षा के सर पर लगने से वर्षा दुपहिया से गिर गयी. वर्षा के सर पर अंदरुहनि मार लगने से वर्षा बेहोश होने पर उपचार के लिए सिंदेवाही ग्रामीण अस्पताल लाया गया.

अस्पताल में डॉक्टर ने जाँच के बाद वर्षा को मृत घोषित किया. लीलाधर किसन बुरबांधे ने मामले की शिकायत सिंदेवाही पुलिस स्टेशन में देने पर सिंदेवाही पुलिस स्टेशन में बीएनएस कलम 281,106(1), 184 मोटर वाहन अधिनियम 1988 अंतर्गत मामला दर्ज किया गया है. मामले की जाँच सिंदेवाही पुलिस स्टेशन पुलिस निरीक्षक विजय राठोड के मार्गदर्शन में पोहवा चंद्रभान सोनवणे कर रहे है.

अस्पताल में डॉक्टर ने जाँच के बाद वर्षा को मृत घोषित किया. लीलाधर किसन बुरबांधे ने मामले की शिकायत सिंदेवाही पुलिस स्टेशन में देने पर सिंदेवाही पुलिस स्टेशन में बीएनएस कलम 281,106(1), 184 मोटर वाहन अधिनियम 1988 अंतर्गत मामला दर्ज किया गया है. मामले की जाँच सिंदेवाही पुलिस स्टेशन पुलिस निरीक्षक विजय राठोड के मार्गदर्शन में पोहवा चंद्रभान सोनवणे कर रहे है.

# भगवान नहीं बचा पाए पुजारी का धन




**> बिजली मीटर और गैस चूल्हा सहित 50 हजार की चोरी**

**बल्लारपुर.**

शहर के एक पुजारी गांव जाने पर उनके घर से बिजली मीटर व गैस चूल्हा सहित 50 हजार रुपए नकद चोरी हो गए।

42 साल के रामगोपाल रमन अयंगर बल्लारपुर-चंद्रपुर रोड पर टीवीएस शोरूम के पास हनुमान मंदिर में पुजारी हैं। उनके पिता रमन अयंगर मथुरा में पुजारी हैं। रामगोपाल बल्लारपुर में हनुमान मंदिर के पीछे अपने मकान में अकेले रहते हैं। उसके पिता रमन उसे खर्च के लिए पैसे भेजते हैं। उनके पिता रमन बल्लारपुर आए थे। 25 नवंबर को रामगोपाल ने मथुरा ले जाने के लिए घर में ताला लगा दिया था। 11 दिसंबर को जब वे लौटे तो पिछला दरवाजा खुला पाया। गांव जाने से पहले रामगोपाल ने गद्दे के नीचे 50 हजार रुपये छिपा दिए थे. उन्हें 50 हजार रुपए नहीं दिखे और उनके घर का बिजली मीटर और गैस मीटर भी नहीं दिखा गया.

उन्होंने अनुमान लगाया कि घर में चोरी हो गयी है. उन्होंने 11 दिसंबर को रात 9.30 बजे बल्लारपुर पुलिस स्टेशन में शिकायत दर्ज कराई कि 50,000 रुपये, बिजली मीटर और तत्काल 1,500 रुपये की गैस सहित 51,500 रुपये चोरी हो गए।

पुलिस ने अपराध पर ध्यान दिया और बीएनएस धारा 305 (ए) के तहत मामला दर्ज किया। बल्लारपुर पुलिस आगे की जांच कर रही है.

# लनेरी क्षेत्र में बाघ की दहशत

**> खेत जोत रहे ट्रैक्टर का बाघ ने किया पीछा।**
**> पांढरवाणी की महिला पर कपास चुनते समय किया हमला।**
**> महिला मामूली जखमी, बाल बाल बची जान।**

**चिमुर.**

नेरी से सटे नदी तट पर बसे गांव सरडपार खेत में खेत जोत रहे ट्रैक्टर का बाघ ने पिछा किया. ट्रैक्टर चालक ने जैसे_तैसे ट्रैक्टर को खेत से बाहर लाने के पश्चात बाघ ने पिछा करना छोडकर नदी की ओर भाग गया. इस दौरान ट्रैक्टर चालक के डर के मारे पसीना छुट गया. परिसर में बाघ की मौजूदगी से गांववासियों में बाघ की दहशत फैल गई है. दौरान गांववासियों ने बाघ के बंदोबस्त की मांग की है. वही पांढरवाणी में एक खेत में कपास चुननेवाली महिला पर हमला कर उसे जखमी कर दिया.

सरडपार गांव के एक खेत में सोमदेव कणीलाल नाकाडे ट्रैक्टर से गुडाई और रोटावेटींग कर रहे थे. तभी खेत में अचानक बाघ आ गया. बाघ को देखकर सोमदवे चौंक गए. अब क्या करे इस सोच में रहकर उन्होने जैसे तैसे ट्रैक्टर को खेत से बाहर निकाला. बाघ ट्रैक्टर का पीछा करता रहा. ट्रैक्टर सडक पर आने पर बाघ ने पिछा करना छोडकर नदी में छलांग लगाकर भाग गया. यह घटना खेत में घटने से किसानों में भय का माहौल है.

नेरी क्षेत्र के अडेगांव देश म्हसली, वाघेडा, वडसी, गोंदेडा, सरडपार और पांढरवानी गांवों में पिछले दो महीने से बाघों ने उत्पात मचा रखा है. कई जानवर मारे भी जा चुके हैं. पांढरवानी की एक महिला कपास चुनने खेत में गई थी. तभी बाघ ने एक महिला पर हमला कर दिया. सौभाग्य से अन्य महिलाओं की चीख-पुकार सुनकर बाघ वहां से भाग गया. हादसे में महिला शोभा गोसाई पंधरे की जान बाल_बाल बच गई. हमले में मिला जखमी हो गई. इस हमले से मजदूर वर्ग में भय का माहौल निर्माण हुआ है. किसानों के सामने कृषि कार्य कैसे करें, यह सवाल खड़ा हो गया है.

पिछले महीने से इस इलाके में हर दिन बाघ देखे जाने से नागरिकों में दहशत का माहौल है. अक्सर वन विभाग को जैसे ही इस मामले की जानकारी मिलती है तो वन विभाग के अधिकारी और कर्मचारी तुरंत मौके पर पहुंच जाते हैं. बाघ को पकड़ने की वनविभाग की कोशिशे चल रही है. इलाके में गश्त कर और पटाखे फोड़कर बाघ का बंदोबस्त करने की पूरी कोशिश कर रहे हैं. हालाँकि, बाघ हर रोज जगह बदलता जा रहा है. बाघ ताडोबा बफर क्षेत्र से आने की चर्चा है. नेरी में हुई घटना में ट्रैक्टर को वापस लाने से चालक की जान बचने की चर्चा गांव में है. बाघों को पकड़कर उनका बंदोबस्त करने अन्यथा स्थानांतरण करने की मांग किसान मजदूर वर्ग और नागरिक कर रहे है.



# बल्लारपुर के नए न्यायालय भवन का मार्ग प्रशस्त

**> भवन निर्माण के लिए 36 करोड़ 70 लाख 73 हजार रुपये की**

**> सुधीर मुनगंटीवार का फॉलो-अप एक बड़ी सफलता**

**चंद्रपुर.**



'दिला शब्द केला पूर्ण' के लिए जाने जानेवाले सुधीर मुनगंटीवार ने एक बार फिर अपना वादा पूरा किया है. उनके अनुसरण के कारण, बल्लारपुर के नए न्यायालय भवन का रास्ता साफ हो गया है, जिसके लिए राज्य सरकार ने 36 करोड़ 70 लाख 73 हजार रुपये की निधि को मंजूरी दे दी है। एक बार किसी विषय को उठा लेने के बाद उसके पूरा होने तक उस पर अमल किया जाता है। उनकी इस खास कार्यशैली को एक बार फिर पहचान मिली है.

सरकारी फैसले में कहा गया है कि बल्लारपुर में 36 करोड़ 70 लाख 73 हजार रुपये की अनुमानित लागत से नये न्यायालय भवन के निर्माण को प्रशासनिक मंजूरी दी जा रही है. माना जा रहा है कि यह नया कोर्ट भवन बल्लारपुर की शान में चार चांद लगाएगा. इमारत में एक भूतल, ऊपर तीन मंजिल, पांच कोर्ट हॉल होंगे। इसके अलावा अग्निशमन प्रणाली, सीसीटीवी, एयर कंडीशनिंग प्रणाली, लिफ्ट, जल आपूर्ति, जल भंडारण आदि शामिल होंगे।

बल्लारपुर में नया कोर्ट भवन बनाया जाए, यहां अत्याधुनिक सुविधाएं बनाई जाएं, सर्वसुविधायुक्त कोर्ट रूम उपलब्ध हों। सुधीर मुनगंटीवार ने राज्य सरकार को प्रस्ताव सौंपा था. इसके बाद उन्होंने नियमित रूप से फॉलोअप किया। उनकी कोशिश सफल रही और भवन निर्माण को प्रशासनिक मंजूरी मिल गयी है. माना जा रहा है कि निर्माण के दौरान इस बात का पूरा ध्यान रखा जाएगा कि न्याय व्यवस्था और न्याय मांगने आने वाले आम आदमी को बुनियादी सुविधाओं के मामले में कोई असुविधा न हो, ऐसे विचार मुनगंटीवार ने व्यक्त किये.

# चंद्रपुर में अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार दिवस पर पत्रकार हुए सम्मानित

**बल्लारपुर.**




चंद्रपुर में स्थित श्रमिक पत्रकार संघ के सभागृह में कल अंतर्राष्ट्रीय मानवाधिकार दिवस के अवसर पर विशिष्ट पत्रकार व सामाजिक कार्यकर्ताओं को सम्मानित किया गया है इस कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राध्यापक महेश पानसे ने की, उसीप्रकार उद्घाटक के रूप में उमेशसिंह सोलंकी तथा , मार्गदर्शक के रूप में राजुरा के अधिवक्ता फरहात बेग मंच पर विराजमान रहे, सत्कार मूर्ति के रूप में चंद्रपुर श्रमिक पत्रकार संघ के अध्यक्ष प्रशांत विघ्नेश्वर, श्रमिक पत्रकार संघ के सचिव प्रवीण बतकी, राजुरा पत्रकार संघ के अध्यक्ष बी. यू. बोर्डेवार, संपादक अनिल देठे, राजुरा के जेष्ठ पत्रकार मसूद सर, महाराष्ट्र पत्रकार संघ के जिला उपाध्यक्ष रमेश निषाद, चंद्रपुर की समाज सेविका वर्षाताई कोटेकर, दिव्यांग महिला कल्पना शिंदे, समाज सेविका संगीता डाहुले, चंद्रपुर सिऔन आश्रम के अध्यक्ष वैभव मोड़क आदि को सम्मानित किया गया कार्यक्रम का संचालन आदित्य भाके तथा मिताली रामटेके ने किया आभार प्रदर्शन महाराष्ट्र पत्रकार संघ राजुरा के अध्यक्ष संजय रामटेके ने किया, कार्यक्रम की सफलतार्थ संजय रामटेके, सरिता मालू, मुन्ना खेड़कर आदि प्रयासरत रहे। कार्यक्रम में विनोद पन्नासे, संजय तिवारी, मनोहर दोतपेल्ली, मनीष तवाडे, संजय घुगलोत आदि चंद्रपुर बल्लारपुर तथा राजुरा के पत्रकार उपस्थित रहे।

# मिशन जल जीवन योजना एक दिखावा

**> अहेर नवारगांव में परियोजना का कार्य अधर में**

**ब्रह्मपुरी.**



जिला जल स्वच्छता मिशन के अंतर्गत तालुका के मौजा अ-हेर नवरगांव में जलापूर्ति योजना, जिसमें केंद्र और राज्य सरकार की 90 प्रतिशत हिस्सेदारी और गांव की जनता की 10 प्रतिशत हिस्सेदारी है, इस योजना का क्रियान्वयन किया जा रहा है. जिला परिषद जलापूर्ति विभाग चंद्रपुर द्वारा 3 करोड़ 38 लाख 42 हजार 349 रुपए की लागत से 31 मार्च 2023 को वित्तीय वर्ष 22-23 को मंजूरी दी गई. हालाँकि, यह योजना निरर्थक साबित हो रही है क्योंकि काम अभी तक पूरा नहीं हुआ है.

इस परियोजना का उद्देश्य भालेश्वर जिले में वैनगंगा नदी बेसिन में कुएं खोदकर पाइपलाइन के माध्यम से गांव में पानी की आपूर्ति करना है. जिला परिषद, चंद्रपुर जलापूर्ति विभाग ने एक ठेकेदार के माध्यम से उक्त योजना का काम पूरा करने का ठेका दिया. संबंधित ठेकेदार ने वैनगंगा नदी के तल में केवल अस्थायी कुएं खोदे हैं. भालेश्वर वैनगंगा नदी से अ-हेरनवरगांव तक पाइप लाइन बिछाने का काम अभी तक पूरा नहीं हुआ है. जब निर्माण कार्य करने वाले ठेकेदार से पूछा गया तो उन्होंने बताया कि वह मजदूरों को भुगतान करने में असमर्थ था, क्योंकि नदी के किनारे किए गए निर्माण कार्य के लिए अनुरोध करने के बावजूद उसे सरकार से कोई पैसा/राशि नहीं मिली थी. कहा गया कि काम इसलिए रोका गया क्योंकि मजदूर वर्ग काम करने के लिए तैयार नहीं था. सरकार और ठेकेदारों के बीच के लिए एक घर से दूसरे नल मालिक के घर जाना पड़ता है.अ-हेर नवरगांव के लोगों की मांग है कि जिला परिषद जलापूर्ति विभाग चंद्रपुर के अंतर्गत ब्रह्मपुरी प्रभाग द्वारा ठंडे बस्ते में पड़ी जल जीवन मिशन की हर घर जल योजना की जलापूर्ति परियोजना का काम शुरू किया जाए. जल्द से जल्द कार्रवाई की जाए और यह सुनिश्चित किया जाए कि कोई भी व्यक्ति नल के पानी से वंचित न रहे तथा सभी को भरपूर पानी मिले. यदि परियोजना पर काम जल्द शुरू नहीं हुआ तो ग्रामीणों ने पानी के लिए आंदोलन की चेतावनी दी है.

> अहेर नवरगांव में निर्माण कार्य कर रहे ठेकेदार पर आज तक काम बंद रखने पर जुर्माना लगाया गया है. और योजना का काम शुरू हो गया है।
>
> एस. एस.मेश्राम, शाखा अभियंता, जलप्रदाय विभाग ब्रह्मपुरी

CMYK

# प्रियंका ने की सैंड बाइक की सवारी



बॉलीवुड की देसी गर्ल यानी प्रियंका चोपड़ा ने सऊदी अरब मेंहुए रेड सी इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल में शिरकत की.वे 12 दिसंबर को इवेंट का हिस्सा बनी थीं जिससे उनका लुक सामने आया था. वहीं अब अरब के रेगिस्तान में मस्ती करते हुए एक्ट्रेस ने फोटोज शेयर की हैं. सऊदी अरब के जद्दाह में प्रियंका चोपड़ा ने खूब मौज-मस्ती की है. व्हाइस टी-शर्ट पर शर्ट पहने और सिर पर सफेद साफा बांधे एक्ट्रेस 'हबीबी' लुक अपनाती दिखी हैं.

रेगिस्तान में प्रियंका चोपड़ा ने ऊंट की सवारी भी की. तस्वीरों में वे ऊंट के साथ पोज देती नजर आ रही हैं. प्रियंका ने रेगिस्तान की रेत पर सैंड रेल भी चलाई. उन्होंने सैंड रेल चलाते हुए अपना एक वीडियो भी शेयर किया है. इस दौरान निक जोनस भी प्रियंका के साथ नजर आए. सी ग्रीन कलर के समर वियर में निक काफी कूल दिख रहे थे. प्रियंका और निक ने एक साथ तस्वीरें भी खिंचवाई. वे ऊंट के साथ पोज देते दिखे. ऐसा लगता है कि प्रियंका पूरे ग्रुप के साथ सैंड रेल राइड एंजॉय कर रही थीं. उन्होंने एक ग्रुप फोटो शेयर की है.

### वरुण उठाया दाल बाटी का आनंद

वरुण धवन अपनी आगामी फिल्म 'बेबी जॉन' के प्रमोशन के लिए जयपुर में हैं. उन्होंने अपने जयपुर की यात्रा की तस्वीरें सोशल मीडिया पर साझा किया. इस दौरान अभिनेता ने राजस्थानी खाने का लुत्फ उठाया. उन्होंने इंस्टाग्राम पर अपने दौरे की तस्वीरें साझा करते हुए लिखा, दाल बाटी से लेकर वड़ा पाव तक, "जयपुर में शानदार दिन रहा". वरुण की फिल्म 'बेबी जॉन' 25 दिसंबर को सिनेमाघरों में दस्तक देगी

बॉलीवुड स्टार वरुण धवन अपनी नई फिल्म बेबी जॉन के साथ एक जबरदस्त एक्शन और इमोशनल सफर पर दर्शकों को ले जाने के लिए तैयार हैं. इस फिल्म का निर्देशन कालिस ने किया है और इसे प्रोड्यूस किया है एटली ने, जो 2016 की तमिल ब्लॉकबस्टर थेरी के लिए जाने जाते हैं.

# विक्रांत ने अपनी 'रिटायरमेंट' पोस्ट पर तोड़ी चुप्पी



विक्रांत मैसी ने हाल ही में अपनी एक सोशल मीडिया पोस्ट से कंफ्यूजन क्रिएट कर दिया था. दरअसल एक्टर ने अपनी पोस्ट में लिखा था कि वह 2025 में एक्टिंग से ब्रेक ले रहे हैं, जिससे कुछ फैंस ने समझ लिया कि वह रिटायर हो रहे हैं. हालांकि, टाइम्स नेटवर्क इंडिया इकोनॉमिक कॉन्क्लेव में, विक्रांत ने इस सारी गलतफहमी को लेकर बात की और अपनी स्टेटमेंट पर क्लियरिफिकेशन भी दिया. इंटरव्यू में, विक्रांत ने बताया, "मैंने सोचा नहीं था ये सब होगा जीवन में. 12वीं फेल कर ली, और मेरे काम को इतना सराहा गया. मेरा सपना था लाइफ में फिल्मफेयर मिले, वो भी मिल गया." विक्रांत ने कहा कि उन्हें जो पहचान मिली है, उसके लिए वह काफी आभारी हैं, खासकर एक मीडिलक्लास बैकग्राउंड से आने वाले व्यक्ति के रूप में. उन्होंने कहा, "मध्यम वर्गीय परिवार के एक व्यक्ति के लिए, प्रधान मंत्री से मिलना, उन्हें और पूरी कैबिनेट को एक फिल्म देखना मेरे लिए बहुत मायने रखता है, यह पहले से ही एक बड़ी उपलब्धि है."

विक्रांत ने आगे अपने करियर पर पड़ने वाले इमोशनल और फीजिकल प्रभाव के बारे में खुलकर बात की. उन्होंने स्वीकार किया, "शारीरिक रूप से, मैं थक गया हूं." उन्होंने यह भी जिक्र किया कि अंग्रेजी में लिखी उनकी सोशल मीडिया पोस्ट से कुछ कंफ्यूजन पैदा हो गया. उन्होंने कहा, "मैंने सोचा कि यह सही समय था जब माननीय प्रधान मंत्री एक ऐसी फिल्म देखने जा रहे थे जो मेरे दिल के बहुत करीब है, और मैंने सोचा कि यहां से, चीजें केवल बेहतर हो सकती हैं

# तजिंदर बग्गा हुए घर से बेघर

'बिग बॉस 18' से और एक कंटेस्टेंट घर से बेघर हो गया है। जी हां, पिछले हफ्ते जहां शो में कोई एविक्शन नहीं हुआ था, वहीं इस हफ्ते दो नाम सामने आ रहे थे। एक इडेन का और दूसरा तजिंदर बग्गा का। इनमें से तजिंदर शो से आउट हो चुके हैं। 'बिग बॉस तक' के ट्वीट के अनुसार तजिंदर का एलिमिनेशन हो चुका है।

पोल के मुताबिक, तजिंदर बग्गा और इडेन रोज के नाम पहले से ही दिखाए जा रहे हैं। बिग बॉस 18 के वोटिंग ट्रेंड और मीडिया पोल के मुताबिक, उन्हें सबसे कम वोट मिले हैं। शो में फिलहाल दिखाया जा रहा है कि करण वीर मेहरा के बच जाने के बाद दिग्विजय सिंह राठी, विवियन डीसेना, चाहत पांडे, तजिंदर बग्गा और एडिन रोज डेंजर जोन में बने हुए हैं। जिओसिनेमा पर वोटिंग लाइनें बंद कर दी गई हैं। तजिंदर के जाने की खबर अभी एपिसोड में नहीं दिखी है लेकिन अगला नंबर उन्ही का है।

# जेल में रात बिताकर सुबह रिहा हुए अल्लू अर्जुन




पूरी रात जेल में रहने के बाद आखिरकार अल्लू अर्जुन शनिवार की सुबह करीब 6.40 बजे रिहा हो गए. एक्टर के पिता और फेमस फिल्म प्रोड्यूसर अल्लू अरविंद के साथ-साथ एक्टर के ससुर कंचरला चंद्रशेखर अल्लू अर्जुन को रिसीव करने के लिए हैदराबाद के चंचलगुडा सेंट्रल जेल पहुंचे थे. बता दें कि पुष्पा-2 के प्रीमियर के दौरान महिला की मौत के मामले में एक्टर अल्लू अर्जुन को 13 दिसंबर को गिरफ्तार किया गया था.दरअसल, रात में कथित तौर पर कहा गया कि जमानत के आदेश की प्रतियां ऑनलाइन अपलोड नहीं होने के कारण अल्लू अर्जुन की रिहाई नहीं हो सकी. अधिकारियों ने उनके रहने के लिए क्लास-1 बैरक तैयार किया था. हालांकि, कल रात जब यह खबर सामने आई कि रात में अल्लू अर्जुन की रिहाई नहीं हो सकेगी, तब एक्टर के फैंस का गुस्सा नजर आने लगा. लोग चंचलगुडा जेल के बाहर इकट्ठा हो गए और विरोध प्रदर्शन शुरू कर दिया था.

मीडिया से बात करते हुए अल्लू ने कहा- 'जो कुछ भी हुआ वो मेरे कंट्रोल के बाहर था। मैं उस थिएटर में बीते कई सालों से अपनी फिल्म देखने जा रहा हूं। बीते 20 साल में मैं वहां कम से कम 30 बार गया हूं पर कभी भी ऐसा कोई हादसा नहीं हुआ। हालांकि, जो भी हुआ उसके लिए हम माफी मांगते हैं। मेरी संवेदनाएं उस परिवार के साथ हैं।'

दरअसल 8वें दिन की कमाई के साथ ही 'पुष्पा 2' की हिन्दी में कमाई 425.6 करोड़ रुपये के करीब हो चुकी है। वहीं ये इस साल की सबसे अधिक कमाई करने वाली कई बॉलीवुड फिल्मों से आगे निकल चुकी है, लेकिन 'स्त्री 2' अभी भी इसके सामने मजबूती से खड़ी है। 'स्त्री 2' ने हिन्दी में लाइफटाइम 597.99 करोड़ रुपये की कमाई की थी।

# बेटी की मां बनीं राधिका आप्टे

बॉलीवुड एक्ट्रेस राधिका आप्टे बेटी की मां बन गई हैं. अभिनेत्री ने अपनी लेटेस्ट तस्वीर शेयर नेटिज़न्स को ये खुशखबरी दी है. एक्ट्रेस ने अपने पति बेनेडिक्ट टेलर के साथ अपनी नन्ही प्रिंसेस का वेलकम किया है. इसी के साथ राधिका ने ये भी बताया कि अपने बच्चे के जन्म के एक हफ्ते बाद ही उन्होंने काम फिर से शुरू कर दिया है. एक्ट्रेस तस्वीर में अपने बेबी को ब्रेस्टफीड कराती नजर आ रही हैं.

राधिका ने अपनी लाइफ के इस नए चैप्टर की शुरुआत को अपने इंस्टाग्राम पर एक फोटो के साथ शेयर किया है. तस्वीर में एक्ट्रेस लैपटॉप के सामने बैठी नजर आ रही हैं और उनकी गोदी में उनकी नन्ही की प्रिंसेस है जिसे वे ब्रेस्ट फीड कराती हुई नजर आ रही हैं. राधिका ने इस प्यापी तस्वीर के साथ कैप्शन में लिखा, "जन्म के बाद अपने एक हफ्ते के बच्चे के साथ पहली वर्क मीटिंग. एक्ट्रेस ने ब्रेस्टफीडिंग, मदर एट वर्क, ए वैरी ब्यूटीफुल चैप्टर.इट्स ए गर्ल, गर्ल्स आर द बेस्ट जैसे हैशटैग भी यूज किए हैं.

वही राधिका के मां बनने की खबर शेयर करने के बाद से फैंस और तमाम सेलेब्स उन्हें बधाई दे रहे हैं. एक्ट्रेस कोंकणा सेन शर्मा ने कमेंट बॉक्स में लिखा, बधाई हो माई लव, वेल डन' विजय वर्मा, दिव्येंदु शर्मा, मोना सिंह सहित तमाम सितारों ने भी एक्ट्रेस को मां बनने पर बधाई दी है.

### आरके बैनर के साथ हुआ था पद्मिनी कोल्हापुरे का डेब्यू

पद्मिनी कोल्हापुरे ने राज कपूर के आरके बैनर की फिल्म 'सत्यम शिवम सुंदरम' से बॉलीवुड में अपना डेब्यू किया था. वो खुद को आरके बैनर का प्रोडक्ट बताती हैं. राज कपूर की 100वीं जयंती के मौके पर पद्मिनी कोल्हापुरे सिंटा सिने और टीवी आर्टिस्ट एसोसिएशन के साथ मिलकर फिल्म इंडस्ट्री के इस लीजेंडरी कलाकार को म्यूजिकल ट्रिब्यूट देने वाली हैं. हाल ही में पद्मिनी कोल्हापुरे ने राज कपूर से जुड़ी कुछ पुरानी यादें ताजा की हैं.

# ऋतिक के चाचा की घिनौनी करतूत



ऋतिक रोशन एक फिल्मी परिवार से आते हैं. जहां ऋतिक रोशन बॉलीवुड के सुपरस्टार कहलाते हैं. तो वहीं उनके पिता राकेश रोशन एक अच्छे एक्टर, डायरेक्टर और प्रड्यूसर हैं. वहीं उनके भाई राजेश रोशन ने संगीत की दुनिया में नाम कमाया है. फिल्मी दुनिया से होने के नाते से रोशन परिवार आए दिन चर्चा में बना रहता है. लेकिन इस वक्त रोशन फैमिली कुछ ऐसी वजह से सुर्खियों में हैं, जिससे उनके प्रशंसक भी हैरान-परेशान हो जाएंगे.

दरअसल, हाल ही में एक सिंगर ने ऋतिक रोशन के चाचा पर यौन उत्पीड़न का आरोप लगाया है. जिस सिंगर ने उनपर ये गंभीर आरोप लगाया है वो बंगाली सिंगर लग्नजीता चक्रवर्ती है. लग्नजीता ने हाल ही में एक इंटरव्यू में दिग्गज संगीत निर्देशक राजेश रोशन को लेकर चौंकाने वाला खुलासा किया है.गायिका ने बताया कि यह घटना सालों पहले मुंबई में रोशन के घर पर हुई थी.

सिंगर ने आगे कहा कि 'मैंने कई विज्ञापन जिंगल गाए. मेज पर एक आईपैड था.उन्होंने मुझसे अपना कुछ काम दिखाने के लिए कहा. जैसे ही मैंने आईपैड ब्राउज किया, मैंने देखा कि वह मेरी तरफ झुके और अचानक मेरी स्कर्ट में हाथ डाल दिया. ये मेरे लिए काफी असहज करने वाला था. मैंने उस वक्त उनसे कुछ कहा नहीं बस उठी और वहां से बाहर चली गई. मैंने इस पर ज्यादा हंगामा नहीं किया, क्योंकि मुझे लगता है कि यह उनकी समस्या और गलती थी कि उन्होंने ऐसा व्यवहार किया.

# शोमैन की बर्थ एनिवर्सरी में सितारों का जलवा




दिवंगत एक्टर राज कपूर की 100 बर्थ एनिवर्सरी कपूर फैमिली ने बहुत धूमधाम से सेलिब्रेट की. इस मौके पर रेखा, विक्की कौशल से लेकर जेनेलिया और शरवरी वाघ तक वे शिरकत की.

ब्लैक कलर की साड़ी पहने जेनेलिया देशमुख काफी क्लासी दिख रही थीं. ब्लैक नेकलेस और स्मोकी आईज के साथ उन्होंने अपने लुक को पूरा किया था. वहीं ब्लैक एंड व्हाइट ब्लेजर में रितेश देशमुख भी खूब जच रहे थे.

श्वेता बच्चन भी राज कपूर की 100वीं बर्थ एनिवर्सी में शामिल हुईं. इस दौरान उनके साथ उनके बेटे अगत्स्य नंदा भी दिखाई दिए. गोल्डन सिल्क साड़ी में रेखा भी खूबसूरत लग रही थीं. इस दौरान वे आलिया भट्ट के साथ पोज देती नजर आईं. हुमा कुरैशी भी सेलिब्रेशन में ब्लैक कलर की साड़ी में दिखाई दीं. डायमंड नेकलेस और मैचिंग पोटली लिए एक्टर काफी हसीन दिख रहू थीं.

विक्की कौशल इस दौरान ऑल ब्लैक लुक कैरी करते दिखाई दिए. अपने लुक को उन्होंने ब्राउन शूज के साथ पूरा किया था. विक्की कौशल इस दौरान ऑल ब्लैक लुक कैरी करते दिखाई दिए.

अपने लुक को उन्होंने ब्राउन शूज के साथ पूरा किया था. ऑल ब्लैक लुक में कार्तिक आर्यन भी काफी डैशिंग लग रहे थे. ब्लैक ब्लेजर के अंदर मैचिंग हाई नेक उनके ड्रेसिंग को इन्हैंसर कर रहा था. फरहान अख्तर भी अपनी वाइफ शिबानी के साथ राज कपूर की 100वीं बर्थ एनिवर्सरी का जश्न मनाने पहुंचे. ग्रे कलर की साड़ी में शिबानी काफी खूबसूरत दिख रही थीं.

# क्यों परेशान हुईं हिना खान

## गूगल पर की गईं सबसे ज्यादा सर्च



हिना खान टीवी शो 'ये रिश्ता क्या कहलाता है' के जरिए घर-घर में मशहूर हो गई थीं. संस्कारी बहू अक्षरा के रूप में उनको फैन्स ने बहुत प्यार दिया है.लेकिन साल 2024 हिना खान के लिए बहुत भारी साबित हुआ है. जब एक्ट्रेस ने शेयर किया कि उनको ब्रेस्ट कैंसर हो गया है तो एक्ट्रेस के फैन्स का दिल टूट गया था और वो हिना के लिए बहुत परेशान हो गए थे. लेकिन कैंसर से जंग लड़ते हुए हिना खान कभी कमजोर नहीं पड़ीं और उन्होंने साबित कर दिया कि वो एक फाइटर हैं. यही वजह है कि इस साल गूगल पर उनको सबसे ज्यादा सर्च किया गया है. और हिना खान गूगल पर सबसे ज्यादा सर्च की जाने वाली एक्ट्रेस बन गई हैं. लेकिन हिना खान इस बात से जरा भी खुश नहीं हैं. हिना खान इस बात को लेकर काफी दुखी हैं कि उनको गूगल पर इसलिए सबसे ज्यादा सर्च किया गया, क्योंकि उनकी कैंसर की बीमारी उभरकर सामने आई थी. हिना खान खान ने इसको लेकर सोशल मीडिया पर एक पोस्ट भी लिखा है. हिना खान ने इंस्टाग्राम पर एक स्टोरी शेयर की है. इस स्टोरी में पवन कल्याण, हिना खान और निम्रत कौर नजर आ रहे हैं. इसपर लिखा है गूगल 2024 ग्लोबल ट्रेंड्स, ये 10 इंडियन एक्टर्स दुनिया में सबसे ज्यादा सर्च किए गए हैं. इस पोस्ट पर हिना खान ने लिखा,"मैंने देखा कि बहुत लोग इसको लेकर स्टोरी लगा रहे हैं और मुझे इस डेवलपमेंट को लेकर बधाई दे रहे हैं. लेकिन सच बताऊं तो न तो मेरे लिए ये कोई अचीवमेंट है और न ही कोई गर्व की बात है. मैं दुआ करती हूं कि कभी भी किसी को उसकी बीमारी के लिए गूगल न किया जाए".हिना खान ने आगे लिखा, "मैं हमेशा लोगों की इज्जत करती हूं. इस मुश्किल समय में मुझे प्यार देने वाले और सम्मान देने वाले लोगों की मैंने हमेशा सराहना की है. लेकिन मैं चाहती हूं कि मुझे मेरे काम और मेरी उपलब्धि की वजह से गूगल किया जाए, न कि बीमारी की वजह से, जैसे कि पहले किया जाता था".हिना खान ने जून 2024 में अपनी बीमारी का खुलासा किया था. उन्होंने सोशल मीडिया पोस्ट के जरिए बताया था कि उनको ब्रेस्ट कैंसर हो गया है. कैंसर को लेकर हिना खान की कीमोथेरेपी चल रही है, जिसकी वजह से उनके बाल झड़ रहे हैं.

# 'मर्दानी-3' का हुआ ऐलान



यशराज फिल्म्स की सुपरहिट फ्रेंचाइज़ी 'मर्दानी' पिछले 10 सालों से दर्शकों का दिल जीत रही है और हिंदी सिनेमा की सबसे बड़ी सोलो फीमेल-लीड फ्रेंचाइज़ी बन चुकी है. रानी मुखर्जी स्टारर इस ब्लॉकबस्टर फ्रेंचाइज़ी ने न केवल अपार प्यार पाया है बल्कि सिने-प्रेमियों के बीच एक कल्ट स्टेटस हासिल किया है. वहीं अब इस फ्रेंचाइजी की तीसरी इंस्टॉलमेंट की अनाउंसेंट कर दी गई है.बता दें कि आज, 'मर्दानी 2' की रिलीज़ एनिवर्सरी पर, यशराज फिल्म्स ने फैंस को तोहफा देते हुए ऑफिशियली तौर पर 'मर्दानी 3' की घोषणा कर दी है. इसी के साथ रानी मुखर्जी फिर से बहादुर पुलिस अफसर शिवानी शिवाजी रॉय की भूमिका में नज़र आएंगी.यशराज फिल्म्स ने अपने इंस्टा अकाउंट पर मर्दानी 3 की अनाउंसमेंट करते हुए कैप्शन में लिखा है, 'इंतजार खत्म हुआ! रानी मुखर्जी मर्दानी 3 में शिवानी शिवाजी रॉय के रूप में वापस आ गई हैं. 2026 में सिनेमाघरों में."रानी मुखर्जी, भारतीय सिनेमा की शानदार एक्ट्रेसेस में से एक हैं. इतना ही नहीं वे अपने नाम पर एकमात्र सोलो लीड ब्लॉकबस्टर फ्रेंचाइज़ी रखने वाली अभिनेत्री भी हैं. वहीं इसे लेकर रानी मुखर्जी ने कहा, "मुझे यह घोषणा करते हुए बेहद खुशी हो रही है कि हम अप्रैल 2025 से 'मर्दानी 3' की शूटिंग शुरू कर रहे हैं!

### बीच बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी

# तीसरे टेस्ट का पहला दिन बारिश के चलते धुला

**ब्रिसबेन.**




भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी के तीसरे टेस्ट का पहला दिन बारिश के चलते धुल गया। गाबा के ऐतिहासिक मैदान पर बारिश के कारण सिर्फ 13.2 ओवर फेंके जा सके, जिसमें ऑस्ट्रेलिया ने भारत के खिलाफ बिना किसी नुकसान के 28 रन तक बना लिए। खराब मौसम के कारण पहले सत्र के बाद कोई खेल नहीं हो सका। ऐसे में सवाल उठता है कि अगले चार दिन मौसम कैसा होगा?

स्थानीय सितारे उस्मान ख्वाजा और युवा नाथन मैकस्वीनी ने अच्छी डिफेंसिव तकनीक का प्रयोग करके जसप्रीत बुमराह के पहले स्पैल को संभलकर खेला। ख्वाजा 47 गेंद में 19 और मैकस्वीनी 33 गेंद में चार रन बनाकर खेल रहे हैं। टॉस जीतकर गेंदबाजी चुनने वाले भारतीय कप्तान रोहित शर्मा खुश होंगे कि ऑस्ट्रेलियाई सलामी जोड़ी ज्यादा रन नहीं बना सकी, लेकिन उनके गेंदबाजों ने बल्लेबाजों को खेलने के लिए मजबूर ही नहीं किया। अधिकांश गेंदें बल्लेबाजों ने छोड़ना ही मुनासिब समझा। जब लग रहा था कि भारतीय गेंदबाज आक्रमण के मूड में हैं, बारिश हो गई और गेंदबाजों की लय टूट गई।

बारिश के कारण लंच ब्रेक जल्दी ले लिया गया और पहले सत्र में 13.2 ओवर ही फेंके जा सके। इससे पहले भारत ने टॉस जीतकर गेंदबाजी का फैसला किया। भारत के लिए जसप्रीत बुमराह ने छह ओवर में आठ रन दिए जबकि मोहम्मद सिराज ने चार ओवर में 13 रन दिए। बुमराह का इस श्रृंखला में यह सबसे औसत प्रारंभिक स्पैल है। पिच से उछाल मिलने के बावजूद उन्होंने छह ओवरों के पहले स्पैल में विकेट लेने वाली ज्यादा गेंदें नहीं डाली जबकि सिराज ने ज्यादातर शॉर्टपिच गेंदें फेंकी।

ख्वाजा ने उन्हें दो चौके लगाकर नसीहत दी। छठे ओवर में भी बूंदाबांदी के कारण खेल रोकना पड़ा था जब स्कोर 19 रन था। पांच मैचों की श्रृंखला फिलहाल 1.1 से बराबर है। मौसम विभाग ने अगले चार दिन भी बारिश का अनुमान जताया है। शुरुआती दिन बारिश के बाद आज यानी दूसरे दिन ब्रिसबेन के गाबा में शुष्क रहने की उम्मीद है। एक्यूवेदर के अनुसार, जिस दिन घनघोर बादल छाए रहेंगे, उस दिन बारिश की केवल 8% संभावना है। तीसरे दिन (सोमवार) को बारिश की संभावना ज्यादा हो जाती है, जिसमें 69% बरसात की आशंका जताई जा रही है। इस दिन 90 मिनट तक वर्षा होने की उम्मीद है। धूप खिलने और कुछ बारिश के साथ तापमान 28 डिग्री सेल्सियस रहने का पूर्वानुमान है। चौथे दिन (मंगलवार) और पांचवें दिन (बुधवार) दोनों में क्रमशः 84% और 56% बारिश की संभावना है।

# पाकिस्तानी स्टार ने किया संन्यास का ऐलान



**नई दिल्ली.**

पाकिस्तान क्रिकेट टीम के स्टार तेज गेंदबाज मोहम्मद आमिर ने इंटरनेशनल क्रिकेट को एक बार फिर से अलविदा कह दिया है. 32 वर्षीय तेज तर्रार गेंदबाज ने सोशल मीडिया के माध्यम से अपने रिटायरमेंट की घोषणा की है. एक्स (पूर्व में ट्वीटर) पर पोस्ट करते हुए उन्होंने लिखा, 'काफी ज्यादा सोच विचार के बाद मैंने इंटरनेशनल क्रिकेट से संन्यास लेने का कठिन फैसला लिया है. ये फैसला लेना मेरे लिए आसान नहीं था. मेरे हिसाब से युवाओं के लिए ये ठीक समय है. सपोर्ट के लिए मैं पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड के साथ-साथ अपने परिवार और दोस्तों को धन्यवाद कहता हूं.'

आपको जानकर हैरानी होगी कि टीम इंडिया के दिग्गज तेज गेंदबाज विराट कोहली भी मोहम्मद आमिर की कहर बरपाती गेंदबाजी के सामने खौफ खाते थे. ये हम नहीं खुद विराट कोहली ने अपने एक इंटरव्यू में कहा था. किंग कोहली ने आमिर की तारीफ करते हुए कहा था कि अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में मोहम्मद आमिर का सामना करना उनके लिए सबसे मुश्किल रहा है.

# रीजा हेंड्रिक्स की तूफानी सेंचुरी

## साउथ अफ्रीका ने सीरीज अपने नाम की

**नई दिल्ली.**




रीजा हेंड्रिक्स के शतक की बदौलत साउथ अफ्रीका ने दूसरे टी20 मुकाबले में पाकिस्तान को 7 विकेट से मात दी। इसके साथ ही साउथ अफ्रीका ने सीरीज भी अपने नाम की। सेंचुरियन में पहले बल्लेबाजी करते हुए पाकिस्तान ने 20 ओवर में 5 विकेट खोकर 206 रन बनाए थे।

जवाब में साउथ अफ्रीका ने आखिरी ओवर में टारगेट चेज कर लिया। इससे पहले साउथ अफ्रीका ने पहला टी20 11 रन से जीता था। यह मैच डरबन में खेला गया था। पहले बल्लेबाजी करने उतरी पाकिस्तान की कुछ खास नहीं रही। 16 के स्कोर पर टीम को पहला झटका लगा। ओटनील बार्टमैन ने कप्तान मोहम्मद रिजवान को अपना शिकार बनाया। उन्होंने 13 गेंदों पर 11 रन की पारी खेली।

इसके बाद बाबर आजम और सैम अयूब ने दूसरे विकेट के लिए 87 रन जोड़े। 12वें ओवर की पहली गेंद पर बाबर आजम कैच आउट हुए। पाकिस्तान के पूर्व कप्तान ने 20 गेंदों पर 31 रन की आतिशी पारी खेली। इस दौरान उन्होंने 3 चौके और 1 छक्का लगाया। अगले ही ओवर में उस्मान ख्वाजा अपना विकेट गंवा बैठे। उन्होंने 5 गेंदों का सामना किया और 3 रन बनाए। 15वें आवेर की पहली गेंद पर तैय्यब ताहिर कॉट एंड बोल्ड हुए। उन्होंने 6 गेंदों का सामना किया और 6 रन बनाए। इसके बाद सैम अयूब ने इरफान खान के साथ पार्टनरशिप की। दोनों ने 5वें विकेट के लिए 73 रन जोड़े। आखिरी ओवर में इरफान कैच आउट हुए। उन्होंने 16 गेंदों पर 30 रन ठोके।एक छोर संभाल कर रखने वाले सैम अयूब शतक से चूक गए। उन्होंने 57 गेंदों पर नाबाद 98 रन बनाए। इस दौरान पाकिस्तान के युवा बल्लेबाज ने 11 चौके और 5 छक्के लगाए। अब्बास अफरीदी 4 गेंदों पर 11 रन बनाकर नाबाद रहे। साउथ अफ्रीका की ओर से दयान गलीम और ओटनील बार्टमैन के खाते में 2-2 विकेट आए। साथ ही जॉर्ज लिंडे को 1 सफलता मिली। साउथ अफ्रीका को दूसरे ही ओवर में पहला झटका लगा। रयान रिकेल्टन ने 2 गेंदों पर 2 रन बनाए। चौथे ओवर में मैथ्यू ब्रीत्ज़के भी चलते बने। उन्होंने 10 गेंदों का सामना किया और 12 रन बनाए। इसके बाद रीजा हेंड्रिक्स और रासी वैन डेर डुसेन ने 157 रन जोड़े। 18वें ओवर में रीजा कैच आउट हुए। उन्होंने 63 गेंदें पर 117 रन की पारी खेली। इस दौरान साउथ अफ्रीकी बल्लेबाज ने 7 चौके और 10 छक्के जड़े। रासी 38 गेंदों पर 66 रन और कप्तान हेनरिक क्लासेन 8 रन बनाकर नाबाद रहे।

# चैंपियंस ट्रॉफी के लिए हाइब्रिड मॉडल की मंजूरी

## दुबई में होंगे भारत के सारे मैच

**नई दिल्ली.**



आईसीसी चैंपियन्स ट्रॉफी को हाइब्रिड मॉडल के तहत आयोजित किया जाएगा। भारत का पाकिस्तान में टीम भेजने से इनकार के बाद यह फैसला आईसीसी ने लिया है। अब भारत के सारे मैच दुबई में खेले जाएंगे, अन्य सभी मैच पाकिस्तान में होंगे। बीसीसीआई और पीसीबी ने दुबई में मैच खेलने पर सहमति जता दी है। यही नहीं, पाकिस्तान ने भी 2026 में भारत में होने वाले टी20 विश्व कप में भारत आने से इनकार कर दिया है। इसमें यह तय हुआ कि पाकिस्तान की टीम भारत आने की बजाय कोलंबो में अपने मैच खेलेगी। हालांकि, पीसीबी को इसके लिए कोई वित्तीय मुआवजा नहीं मिलेगा। लेकिन इसके बदले में उसे 2027 के बाद आईसीसी टूर्नामेंट की मेजबानी का अधिकार मिलेगा।

चैंपियंस ट्राफी 2025 टूर्नामेंट के मैच अगले साल 19 फरवरी से शुरू होंगे। इसका फाइनल मैच 9 मार्च को खेला जाएगा। इस टूर्नामेंट में 8 टीमें शिरकत कर रही हैं। सभी 8 टीमों का दो ग्रुप बनाया जाएगा। दोनों ग्रुप की दो टॉप टीमें सेमीफाइनल में पहुंचेगी। सेमीफाइनल जीतने वाली टीमों के बीच फाइनल मुकाबला होगा।दरअसल,आईसीसी चैंपियन्स ट्रॉफी के लिए पाकिस्तान भेजने से बीसीसीआई ने इनकार कर दिया था। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड ने अपनी टीम को पाकिस्तान न भेजने संबंधी फैसले से आईसीसी को अवगत कराते हुए हाइब्रिड मॉडल से टूर्नामेंट कराने का सुझाव दिया था। बीते दिनों आईसीसी की बोर्ड मीटिंग में पाकिस्तान को इस प्रस्ताव से अवगत कराया था। हालांकि, शुरूआती इनकार के बाद पाकिस्तान ने सहमति जता दी थी। इसके बाद आईसीसी ने सभी पक्षों को सामने बैठाकर एक रूपरेखा तैयार कराई। विशेषज्ञों का मानना है कि हाइब्रिड मॉडल मानना पाकिस्तान की मजबूरी थी। अगर वह इनकार करता तो उससे टूर्नामेंट की मेजबानी का अधिकार छीन जाता। यह पीसीबी के लिए एक बड़ा वित्तीय झटका होता। मेजबानी अधिकार छीन जाने से पीसीबी को करीब 65 मिलियन अमेरिकी डॉलर का नुकसान उठाना पड़ता।

# पल्टन की घर में पहली जीत

**नई दिल्ली.**

अपने घर में पहली और बेहद प्रभावशाली जीत के साथ पुनेरी पल्टन ने प्रो कबड्डी लीग के 11वें सीजन के प्लेआफ में जाने की उम्मीदों को जिंदा रखा है। पल्टन ने बालेवाड़ी स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स के बैडमिंटन हॉल में शुक्रवार को खेले गए सीजन के 110वें मैच में बेंगलुरू बुल्स को 56-18 के अंतर से हराया। पल्टन 19 मैचों में आठवीं जीत के साथ अंक तालिका में एक स्थान की छलांग के साथ सातवें पायदान पर पहुंच गए हैं। पल्टन और जयपुर के बराबर अंक हैं लेकिन स्कोर डिफरेंस में पल्टन बेहतर हैं। पल्टन की जीत में आकाश, आर्यवर्धन और मोहित ने 8-8 अंक लिए जबकि गौरव और अमन ने हाई-5 लगाया। बुल्स को 19 मैचों में 16वीं हार मिली। इस अहम मैच में पल्टन ने अच्छी शुरुआत करते हुए 4-1 की लीड बनाकर बुल्स के लिए सुपर टैकल आन कर दिया। फिर मोहित ने नितिन का शिकार कर बुल्स को आलआउट की ओर धकेल दिया। अगली रेड पर हालांकि प्रतीक ने मोहित को सुपर टैकल कर स्कोर 4-5 कर दिया। आकाश ने बुल्स को फिर आलआउट की ओर धकेला।

परदीप को लपक पल्टन ने आलआउट लेकर 10-6 की लीड ले ली। आलइन के बाद भी पल्टन ने दो अंक लेकर फासला दोगुना कर लिया। 10 मिनट के बाद पल्टन 12-6 से आगे थे। ब्रेक के बाद तीन मिनट के खेल में पल्टन ने एक के मुकाबले पांच अंक लेकर स्कोर 17-7 कर दिया और फिर दूसरा आलआउट लेकर 20-7 की लीड ले ली।

# दूसरे स्थान पर पहुंचे पटना पाइरेट्स

## थलाइवाज की 18 मैचों में 11वीं हार

**नई दिल्ली.**

अयान (13), देवांक (12), और डिफेंडर शुभम शिंदे (5) के बेहतरीन प्रदर्शन की बदौलत पटना पाइरेट्स् ने बालेवाड़ी स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स के बैडमिंटन हॉल में शुक्रवार को खेले गए प्रो कबड्डी लीग के 11वें सीजन के 109वें मैच में तमिल थलाइवाज को 42-38 के अंतर से हराकर अंक तालिका में दूसरा स्थान हासिल कर लिया है।

पटना ने 18 मैचों में 11वीं जीत हासिल की जबकि मोइन शफागी (11) और सचिन (8) के सराहनीय प्रदर्शन के बावजूद थलाइवाज को 18 मैचों में 11वीं हार को मजबूर हुई। इसी के साथ प्लेआफ में जाने की थलाइवाज की उम्मीदों को झटका लगा है। जिस वक्त पटना आलआउट की कगार पर थे, अयान को बोनस देना थलाइवाज को भारी पड़ गया।

बहरहाल, तीन बार के चैंपियन पटना ने अच्छी शुरुआत के साथ तीन मिनट में 5-2 की लीड बना ली थी। पांचवां मिनट बीतते-बीतते हालांकि थलाइवाज ने वापसी की राह पकड़ी और स्कोर 5-6 कर दिया। इसके बाद हिमांशु ने शुभम का शिकार कर स्कोर बराबर कर दिया। शुरुआती 8 मिनट में पटना को एक भी टैकल प्वाइंट नहीं मिला था, फिर भी वे 9-7 से आगे थे।

इस बीच देवांक ने मल्टी प्वाइंटर के साथ न सिर्फ स्कोर 11-7 किया बल्कि थलाइवाज के लिए सुपर टैकल आन कर दिया। इसके बाद की रेड पर भी देवांक ने दो अंक लेकर थलाइवाज को आलआउट की कगार पर ला दिया। सचिन आए और लपक लिए गए। इस तरह पटना ने 16-9 की लीड ले ली। ब्रेक के बाद पटना ने शफागी को लपका तो थलाइवाज ने अयान और देवांक का शिकार कर पटना को बड़ा झटका दिया। 15 मिनट की समाप्ति तक थलाइवाज ने 12-17 के स्कोर पर वापसी की राह पकड़ ली थी। इसके बाद पटना ने लगातार दो अंक लिए पर सचिन ने मल्टी प्वाइंटर के साथ मामला बराबर कर दिया। हाफटाइम तक पटना 20-15 से आगे थे।हाफटाइम के बाद थलाइवाज ने एक अंक लिया तो दीपक ने सुपर रेड के साथ पटना को 23-16 से आगे कर दिया। इस बीच सुपर टैकल की स्थिति में देवांक ने सुपर रेड के साथ स्कोर 26-18 कर दिया। सचिन ने हालांकि आलआउट टाला और फिर साहिल ने देवांक को सुपर टैकल कर स्कोर 20-26 कर दिया। फिर सचिन ने डू ओर डाई रेड पर दो अंक लेकर फासला 4 का कर दिया। इस बीच सचिन ने चार के डिफेंस मे एक और अंक निकाला। पटना के लिए सुपर टैकल आन था.

# सऊदी अरब को मिली फुटबॉल वर्ल्ड कप की मेज़बानी

**नई दिल्ली.**



सऊदी अरब को फीफा वर्ल्ड कप 2034 की मेजबानी दी गई है। इसकी जानकारी फेडरेशन इंटरनेशनल फुटबॉल एसोसिएशन द्वारा दी गई है। जबकि फीफा वर्ल्ड कप 2030 की मेजबानी संयुक्त रूप से स्पेन, पुर्तगाल और मोरक्को द्वारा की जाएगी। बता दें कि इससे पहले भी अरब देश में फीफा वर्ल्ड कप का आयोजन किया जा चुका है। फीफा वर्ल्ड कप का पिछला सीजन कतर में खेला गया था। जिसे लियोनेल मेसी की टीम अर्जेंटीना ने अपने नाम किया था. वहीं अब एक बार फिर अरब देश को फुटबॉल विश्व कप की मेजबानी मिल गई है। अब सऊदी अरब फीफा वर्ल्ड कप 2034 की मेजबानी करने वाला है। इसे लेकर फेडरेशन इंटरनेशनल फुटबॉल एसोसिएशन ने अपने सोशल मीडिया हैंडल से आधिकारिक घोषणा की है।

इसके साथ ही फेडरेशन इंटरनेशनल फुटबॉल एसोसिएशन की ओर से 2030 फीफा वर्ल्ड कप की मेजबानी को लेकर भी ऐलान कर दिया गया है। दरअसल फीफा वर्ल्ड कप 2030 की मेजबानी संयुक्त रूप से स्पेन, पुर्तगाल और मोरक्को को करने वाले हैं। हालांकि 2026 में भी फीफा वर्ल्ड कप खेला जाएगा। बता दें कि 2026 में खेले जाने वाला फीफा वर्ल्ड कप सयुंक्त रूप से अमेरिका, कनाडा और मेक्सिको में खेला जाएगा।

जानकारी दे दें कि हर 4 साल में फीफा वर्ल्ड कप का आयोजन किया जाता है। बता दें कि दुनिया की सबसे महंगी लीग में फीफा वर्ल्ड कप का नाम आता है। इसका क्रेज न सिर्फ अमेरिका और ब्राजील जैसे देशों में है। बल्कि भारत जैसे देश में भी इसके कई फैंस हैं। 2026 के बाद फीफा वर्ल्ड कप 2030 में खेला जाएगा। वहीं उसके बाद 2034 में इसका आयोजन सऊदी अरब में किया जाएगा। फीफा वर्ल्ड कप में लियोनेल मेसी, क्रिस्टियानो रोनाल्डो और नेमार जैसे खिलाड़ी दिखाई देते हैं। जिसके चलते फीफा वर्ल्ड कप का उत्साह फैंस में देखा जाता है।

# विश्व एथलेटिक्स विरासत संग्रह में शामिल नीरज की कलाकृतियां

**पेरिस.**




2024 ओलंपिक रजत पदक विजेता नीरज चोपड़ा और विश्व एथलेटिक्स महिला फील्ड इवेंट एथलीट ऑफ द ईयर यूक्रेन की यारोस्लावा महु चिख उन 23 एथलीटों में शामिल हैं जिनकी प्रतियोगिता कलाकृतियों को विश्व एथलेटिक्स विरासत संग्रह में शामिल किया गया। विश्व एथलेटिक्स संग्रहालय (एमओडब्ल्यूए) एथलीटों की कलाकृतियों को ऑनलाइन 3डी प्लेटफॉर्म पर प्रदर्शित करेगा। विश्व एथलेटिक्स के अध्यक्ष सेबेस्टियन कोए ने एक आधिकारिक बयान में कहा, "उन एथलीटों को धन्यवाद जिन्होंने 2024 में हमारे संग्रहालय के संग्रह के लिए अपने प्रतियोगिता के कपड़े, जूते और यहां तक कि पदक भी दान कर दिए हैं। इस साल हमें 1960 के दशक के दो आइकन, व्योमिया टायस और बिली मिल्स, और 1980 के ओलंपिक 100 मीटर चैंपियन एलन वेल्स, साथ ही 2000 और 2008 के ओलंपिक हेप्टाथलॉन स्वर्ण पदक विजेता क्रमशः डेनिस लुईस और नतालिया डोब्रिंस्का से ऐतिहासिक ओलंपिक जीतने वाली वस्तुएं मिली हैं।"उन्होंने कहा, "अपने ओलंपिक संग्रह को अद्यतन रखते हुए, हमें आज पेरिस 2024 पदक विजेताओं यारोस्लावा महुचिख, थिया लाफॉन्ड और नीरज चोपड़ा से दान की घोषणा करते हुए गर्व हो रहा है।" महुचिख ने जुलाई में स्टेड चार्लेटी में पेरिस डायमंड लीग में 2.10 मीटर की छलांग के साथ लंबे समय से चले आ रहे विश्व हाई जंप रिकॉर्ड को तोड़ा और अगस्त में स्टेड डी फ्रांस में ओलंपिक खिताब जीता। उन्होंने अपना पेरिस ओलंपिक सिंगलेट, नाम बिब और शॉर्ट्स एमओडब्ल्यूए को दान कर दिया है। महुचिख ने मोनाको में विश्व एथलेटिक्स पुरस्कार 2024 में भाग लेने के दौरान कोए को ये आइटम भेंट किए।लाफॉन्ड, जिन्होंने पेरिस में ओलंपिक ट्रिपल जंप का खिताब 15.02 मीटर के राष्ट्रीय रिकॉर्ड के साथ जीता था और डोमिनिका की किसी भी खेल में पहली ओलंपिक पदक विजेता बनी थीं, ने पेरिस में स्वर्ण पदक जीतने के दौरान पहनी गई क्रॉप टॉप को इस संग्रह में शामिल किया है। 2024 में, लाफॉन्ड को विश्व इनडोर चैंपियन का भी ताज पहनाया गया, उन्होंने 15.01 मीटर की राष्ट्रीय रिकॉर्ड छलांग के साथ यह खिताब जीता था।

टोक्यो खेलों में भाला फेंक में स्वर्ण पदक जीतकर एथलेटिक्स में भारत का पहला ओलंपिक खिताब जीतने वाले नीरज ने पेरिस 2024 में पहनी गई प्रतियोगिता टी-शर्ट दान कर दी है। 89.45 मीटर के अपने दूसरे दौर के थ्रो के साथ, चोपड़ा ने अरशद नदीम के पीछे रजत पदक हासिल किया, जिन्होंने 92.97 मीटर का ओलंपिक रिकॉर्ड बनाया था।

# खो-खो विश्वकप के लिए प्रशिक्षण शिविर शुरू

**नई दिल्ली.**




भारत की मेजबानी में जनवरी 2025 में होने वाले खो खो विश्वकप के लिए भारतीय टीम का प्रशिक्षण शिविर में देशभर से चुने गए 60 लड़कियों और 60 लड़कों को टीम भावना विकसित करने, कौशल बढ़ाने, मानसिक मजबूती, अनुशासन और टीम बॉन्डिंग बढ़ाने के लिए गहन प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा।

इसके अलावा इस शिविर में अनुभवी और नए युवा प्रतिभाशाली खिलाड़ियों को खेल विशेषज्ञों की ओर से पोल ड्राइविंग, टैपिंग, ज़िग ज़ैग रनिंग, डाजिंग टैपिंग आदि खो खो खेल की बारीकियां सिखाई जाएंगी। भारतीय खो खो महासंघ के अध्यक्ष सुधांशु मित्तल ने बताया कि खो खो विश्वकप से पहले राष्ट्रीय टीम की तैयारियों को बेहतर बनाने के लिए प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया जा रहा है तथा इस प्रशिक्षण शिविर के प्रदर्शन के आधार पर खो खो विश्व कप में भाग लेने के लिए 15 लड़कों और 15 लड़कियों की राष्ट्रीय टीम का चयन किया जाएगा जोकि विश्व कप में भारत का प्रतिनिधित्व करेंगे। यह शिविर 13 से 19 जनवरी, 2025 तक नई दिल्ली के इंदिरा गांधी इंडोर स्टेडियम में होने वाले खो खो विश्व कप के लिए उनकी अंतिम तैयारियों की शुरुआत है। भारतीय राष्ट्रीय टीम के मुख्य कोच अश्विनी शर्मा की देखरेख में एक महीने तक यह फिटनेस और प्रशिक्षण शिविर चलेगा। इसमें खिलाड़ियों की चपलता और तकनीकी पर फोकस होगा। इस प्रशिक्षण शिविर में देशभर के पुरुष और महिला वर्ग दोनों के साठ साठ प्रतिभाशाली खिलाड़ी, अनुभवी और नए प्रशिक्षण शिविर में भाग लेंगे। जहाँ खिलाड़ी बिजली की तरह तेज रिफक्स, सटीक मूवमेंट और सहज समन्वय की तकनीक सीखेंगे।एक टीम के रूप में एक-दूसरे के साथ मिलकर कैसे मुकाबला जीता जाता है यह सीखने का अवसर प्रदान करेगा। कोच ने बताया कि विश्व कप के लिए अंतिम टीमों का चयन प्रशिक्षण शिविर के दौरान उनके प्रदर्शन के आधार पर किया जाएगा। लगभग 16 कोच और सहायक कर्मचारी खिलाड़ियों को इस महत्वपूर्ण आयोजन की तैयारी में सहायता करेंगे।प्रशिक्षण शिविर में समन्वय, खेल अभ्यास, तकनीक, पोल डाइविंग और टैपिंग जैसे पीछा करने के कौशल, डोजिंग और जिग जैग रनिंग जैसे रनिंग कौशल आदि में विशेष प्रशिक्षण के साथ फिटनेस के स्तर को बढ़ाने पर ध्यान केंद्रित किया जाएगा।

# देश में एक साथ होंगे सभी चुनाव

## कल लोकसभा में पेश होगा 'वन नेशन वन इलेक्शन' बिल

**नई दिल्ली.**

लोकसभा में सोमवार यानी कल 'वन नेशन वन इलेक्शन' के लिए 'द कंस्टीटूशन (129 वां संशोधन) बिल पेश किया जाएगा. कानून मंत्री अर्जुन मेघवाल इस बिल को संसद में पेश करेंगे. इसके अलावा द यूनियन टेरिटरी (संशोधन 1) बिल को भी पेश किया जाएगा. मोदी कैबिनेट ने 12 दिसंबर को 'एक देश एक चुनाव' बिल को मंजूरी दी थी. विधेयक में 2034 के बाद एक साथ चुनाव कराने का प्रस्ताव है. सरकार ने बिल का मसौदा लोकसभा सदस्यों को भेज दिया है. बिल के



जरिए संविधान में 129वां संशोधन और दिल्ली व जम्मू-कश्मीर के केंद्रशासित प्रदेश के कानून में बदलाव किया जाएगा. सरकार इससे जुड़े बिल को संसद में पेश करके संविधान के चार अनुच्छेद में संशोधन का प्रस्ताव करेगी. ये चार अनुच्छेद हैं 82A, 83, 172, 327 संविधान संशोधन विधेयक में एक नया अनुच्छेद 82ए (लोकसभा और सभी विधान सभाओं के लिए एक साथ चुनाव) सम्मिलित करने और अनुच्छेद 83 (संसद के सदनों की अवधि), अनुच्छेद 172 (राज्य विधानमंडलों की अवधि) और अनुच्छेद 327 (में संशोधन करने का प्रस्ताव है. सरकार ने एक साथ चुनाव के लिए केंद्र शासित प्रदेश सरकार अधिनियम और एनसीटी सरकार की धारा 5 में संशोधन करने का प्रस्ताव किया है. इसी तरह जम्मू-कश्मीर पुनर्गठन अधिनियम की धारा 17 में भी संशोधन किया जाएगा.

### देश में एक साथ चुनाव कराने की सिफारिश

भारत के पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद की अध्यक्षता में एक उच्च स्तरीय समिति का 2 सितंबर 2023 को गठन किया गया था. इसका मकसद एक साथ चुनाव कराने के लिए सिफारिशें करना. कोविंद समिति ने 14 मार्च 2024 को राष्ट्रपति को अपनी सिफारिशें सौंपी थी, जिसमें लोकसभा और सभी विधायिकाओं के लिए एक साथ चुनाव कराने की सिफारिश की गई थी. कोविंद कमिटी ने पहले चरण में लोकसभा और विधानसभा के चुनाव कराने की सिफारिश थी. उसके 100 दिनों के भीतर स्थानीय निकाय के चुनाव कराने की सिफारिश की थी. इस समिति में रामनाथ कोविंद समेत आठ सदस्य थे.

## देपसांग में सुरक्षाबलों का चलता रहेगा गश्त




**नई दिल्ली.**

कांग्रेस सांसद मनीष तिवारी ने संसद में चीन के मसले पर सवाल पूछा. उन्होंने कहा कि जनवरी 2023 में, एक वरिष्ठ आईपीएस अधिकारी द्वारा लिखित एक पेपर पुलिस महानिदेशकों और महानिरीक्षकों के सम्मेलन में प्रस्तुत किया गया था. उस पेपर में, यह बताया गया था कि चीनी अतिक्रमण के परिणामस्वरूप काराकोरम दर्रे से चुमुर तक 65 गश्त बिंदुओं में से 26 भारतीय सुरक्षा बलों के लिए दुर्गम थे. इस तथ्य का सरकार द्वारा किसी भी स्तर पर आधिकारिक तौर पर खंडन नहीं किया गया. विदेश मंत्री ने कहा कि किसी ने पेपर के रूप में जो प्रस्तुत किया उसका उत्तर मुझे नहीं देना है. मैं सरकार के तरफ से ये जवाब दे सकता हूं. कि मैंने भारत-चीन सीमा क्षेत्र में सैनिकों की वापसी और हाल के घटनाक्रम पर एक बहुत विस्तृत बयान दिया. मैंने इस बात पर प्रकाश डाला कि अंतिम रूप से विघटन समझौते हो चुके हैं, जो देपसांग और डेमचोक से संबंधित थे. यह भी बताना चाहूंगा जो मेरे पहले के बयान में भी था कि समझ में यह परिकल्पना की गई है कि भारतीय सुरक्षा बल देपसांग में सभी गश्त बिंदुओं पर जाएंगे. पूर्व-वार्ड सीमा तक गश्त जारी रहेगा जो ऐतिहासिक रूप से उस हिस्से में हमारी गश्त सीमा रही है. हमने उसी बयान में यह भी स्पष्ट कर दिया है कि हमारे बीच पिछले कुछ विघटन समझौते हुए हैं. उन विघटन समझौतों में कुछ प्रावधान भी थे जहां दोनों पक्ष अस्थायी आधार पर खुद पर कुछ प्रतिबंध लगाने पर सहमत हुए थे.

## भीषण चक्रवाती तूफान की दस्तक

**नई दिल्ली.** एक तरफ जहां देश हाड़ कंपा देने वाली ठंड की चपेट में है. वहीं दूसरी ओर भीषण चक्रवाती तूफान दस्तक दे रहा है. भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने अगले एक सप्ताह तक देशभर में शीतलहर, घने कोहरे, बर्फबारी और भारी बारिश की चेतावनी जारी की है। आईएमडी के अनुसार 6 राज्यों में भारी बारिश, 11 में कोल्ड वेव, 8 राज्यों में कोहरा होने का अनुमान है. मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक ठंड बढ़ने के कई कारण हैं. उदाहरण के लिए, पश्चिम-उत्तर भारत में 12.6 किमी की ऊंचाई पर 278 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से ठंडी हवाएं चल रही हैं। पश्चिमी विक्षोभ भी सक्रिय है, जिससे बर्फ पिघल रही है और उत्तर भारत-मध्य भारत शुष्क ठंड की चपेट में है. पाकिस्तान में सक्रिय पश्चिमी विक्षोभ के कारण जम्मू-कश्मीर और हिमाचल प्रदेश में बर्फबारी हो रही है। मन्नार की खाड़ी और उसके आसपास एक कम दबाव का क्षेत्र बन गया है।




कुतुब मीनार का निर्माण ढिल्लिका के गढ़ लाल कोट के खंडहरों पर किया गया था। कुतुब मीनार लाल और बफ सेंड स्टोन से बनी भारत की सबसे ऊंची मीनार है। 13वीं शताब्दी में निर्मित यह भव्य मीनार राजधानी, दिल्ली में खड़ी है। इसका व्यास आधार पर 14.32 मीटर और 72.5 मीटर की ऊंचाई पर शीर्ष के पास लगभग 2.75 मीटर है।



## अमेरिका में दिख रहे रहस्यमयी ड्रोन

**वाशिंगटन.** अमेरिका के न्यू जर्सी में देर रात रहस्यमयी ड्रोन दिखने से हंगामा मचा हुआ. न्यूयॉर्क, पेन्सिल्वेनिया और मैरीलैंड में भी ड्रोन देखे जाने की खबरें हैं. रहस्यमयी ड्रोन देखे जाने के बाद कई लोगों के मन के में कई तरह के सवाल भी उठ रहे हैं. इसके बाद खुद नव निर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने सोशल मीडिया पर पोस्ट किया और बाइडेन प्रशासन पर सवाल उठाए. अब बाइडेन के आंतरिक सुरक्षा मंत्री ने इस पर जवाब दिया है. रहस्यमयी ड्रोन को लेकर डोनाल्ड ट्रंप ने सोशल मीडिया साइट ट्रुथ पर पोस्ट करते हुए लिखा, पूरे देश में रहस्यमयी ड्रोन देखे जाने की खबरें. क्या यह वास्तव में हमारी सरकार की जानकारी के बिना हो सकता है? मुझे नहीं लगता! लोगों को अभी बताइए. अन्यथा, उन्हें मार गिराया. इस पर बाइडन के आंतरिक सुरक्षा मंत्री अलेजैंड्रो मयोरकास ने ट्रंप के आरोपों पर सीएनएन को दिए इंटरव्यू में कहा कि सबसे पहले तो मैं ये कहूंगा कि हमने कुछ भी ऐसा नहीं देखा है, जिससे अमेरिका के लोगों को चिंतित होने की जरूरत है. हम जानते हैं कि कोई खतरा नहीं है. दूसरा, हम कई बार कांग्रेस के पास गए. बार-बार गए कि हमें ड्रोन्स को काबू करने के लिए और ज्यादा अधिकार दिए जाएं.

## असद सरकार के पत्रकारों की आफत

**सीरिया.** बशर अल असद के देश छोड़ने के बाद सीरिया की नई आंतरिक सरकार ने देश की कमान संभाल ली है. विद्रोहियों की ओर से चलने वाले सूचना मंत्रालय ने शुक्रवार को ऐलान किया कि असद सरकार के समय के युद्ध पत्रकारों पर कार्रवाई की जाएगा. टेलीग्राम पर जारी बयान में कहा गया है. "सभी युद्ध पत्रकार, जो युद्ध के दौरान असद शासन के लिए काम करते थे और जिन्होंने सीरियाई लोगों के खिलाफ उसके अपराधों के प्रचार में प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से योगदान दिया था, उन्हें आंतरिक न्याय के तहत उचित सजा मिलेगी.

## दक्षिण कोरिया के राष्ट्रपति की बढ़ी मुश्किलें

**सियोल.**

दक्षिण कोरिया की संसद ने राष्ट्रपति यून सुक योल के खिलाफ महाभियोग लाने के लिए मतदान किया है। देश में मार्शल लॉ लगाने के फैसले के बाद से राष्ट्रपति योल विवादों में घिर गए थे। हालांकि, जनता के विरोध और नेशनल असेंबली की कड़ी आलोचना के बाद उन्होंने इसे वापस ले लिया था। बता दें कि दक्षिण कोरिया में मार्शल लॉ केवल लगभग छह घंटे चला। मार्शल लॉ के कारण विपक्षी पार्टियों ने राष्ट्रपति यून पर महाभियोग लगाने का प्रयास किया था। हालांकि, यह प्रस्ताव असफल हो गया क्योंकि सत्तारूढ़ पार्टी के ज्यादातर सांसदों



ने वोटिंग का बहिष्कार किया था। देश में महाभियोग के लिए 300 सीटों वाली संसद में 200 वोटों की आवश्यकता थी, लेकिन विपक्ष के पास केवल 192 सीटें थीं। सत्तारूढ़ पार्टी के केवल तीन सांसदों ने वोटिंग में भाग लिया, जिससे प्रस्ताव खारिज हो गया। वहीं नेशनल असेंबली के स्पीकर ने इसे लोकतंत्र के लिए शर्मनाक बताया। संसद में एकबार फिर राष्ट्रपति के खिलाफ महाभियोग का प्रस्ताव लाया गया।

## ईडी ने जेएसडब्ल्यू को 4025 करोड़ की संपत्ति लौटाई

**नई दिल्ली.** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने जेएसडब्ल्यू स्टील को 4025 करोड़ रुपये की संपत्ति लौटा दी है. यह संपत्ति पहले भूषण पावर एंड स्टील लिमिटेड (बीपीएसएल) की थी, जिसे दिवालिया और शोधन अक्षमता संहिता (आईबीसी) के तहत कॉर्पोरेट समाधान प्रक्रिया (सीआईआरपी) के माध्यम से जेएसडब्ल्यू को सौंपा गया.भूषण पावर एंड स्टील लिमिटेड के पूर्व प्रमोटरों पर बैंकों को धोखा देने और बैंक के पैसे को निजी निवेशों में लगाने का आरोप है. इसी कारण ईडी ने प्रिवेंशन ऑफ मनी लॉन्ड्रिंग एक्ट (पीएमएलए) की धारा 5 के तहत इन संपत्तियों को अस्थायी रूप से जब्त कर लिया था.

# तिरुपति लड्डू विवाद की जांच तेज़

## एसआईटी पहुंची श्री वेंकटेश्वर मंदिर

**तिरुमाला.**



आंध्र प्रदेश में छह सदस्यीय विशेष जांच दल (एसआईटी) ने पिछली वाईएसआरसीपी सरकार के दौरान श्री वेंकटेश्वर स्वामी मंदिर के लड्डू प्रसाद में मिलावट के आरोपों की जांच शुरू कर दी है। इसी क्रम में, टीम श्री वेंकटेश्वर मंदिर का निरीक्षण करने पहुंची। उसने मंदिर के विभिन्न हिस्सों और यहां तक कि रसोई की भी जांच की, जहां पवित्र तिरुमाला श्रीवारी लड्डू प्रसादम बनाया जाता है। वहीं, एसआईटी ने आटा मिल और प्रयोगशाला का निरीक्षण किया, जहां लड्डुओं की गुणवत्ता जांच की जाती है। बता दें, तीन हफ्ते पहले पवित्र प्रसाद में इस्तेमाल किए गए घी में मिलावट की जांच करने के लिए एक एसआईटी टीम तिरुपति आई थी। टीम तिरुपति और तिरुमाला में विस्तृत जांच कर रही थी। जांच का उद्देश्य मिलावट मामले के बारे में पूरी जानकारी जुटाना है। आंध्र के मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू ने दो दिन पहले लैब रिपोर्ट के हवाले से दावा किया था कि, मंदिर के प्रसादम में प्रयोग होने वाले शुद्ध घी में जानवरों की चर्बी मिली हुई है। भगवान तिरुपति के प्रसादम बनाने में घटिया सामग्री का इस्तेमाल किया गया है। लड्डुओं में घी के बजाय जानवरों की चर्बी का उपयोग किया गया। ये मिलावट पिछली सरकार के दौरान दिए गए घी के ठेके के चलते हुई है। सीएम ने कहा था कि इस भ्रष्टाचार में शामिल किसी भी व्यक्ति को बख्शा नहीं जाएगा। इस मामले में सरकार की ओर से कई लोगों के खिलाफ एक्शन भी लिया जा चुका है।

## स्विट्जरलैंड ने भारत से वापस लिया एमएफएन का दर्जा

**नई दिल्ली.** स्विट्जरलैंड ने भारत को दिए गए मोस्ट फेवर्ड नेशन यानी सर्वाधिक तरजीही राष्ट्र (एमएफएन) का दर्जा वापस लेने का फैसला किया है। स्विट्जरलैंड सरकार की तरफ से दी गई जानकारी के मुताबिक, आगामी एक जनवरी से यह फैसला लागू होगा। इस फैसले का असर यह होगा कि स्विट्जरलैंड व यूरोपीय यूनियन में काम करने वाली भारतीय कंपनियों को वहां होने वाली कमाई पर पहले की तुलना में ज्यादा टैक्स देना पड़ेगा। इसका अर्थ यह है कि स्विट्जरलैंड एक जनवरी, 2025 से भारतीय कंपनियों द्वारा उसके यहां होने वाली कमाई पर 10 प्रतिशत टैक्स लगाएगा। स्विट्जरलैंड ने यह फैसला सुप्रीम कोर्ट के उस फैसले को ध्यान में रखते हुए लिया, जिसके तहत डीटीएए को लागू करने के लिए इसे आयकर अधिनियम के तहत अधिसूचित करने की बात कही गई थी।

## श्रीलंकाई राष्ट्रपति दिसानायके की पहली भारत यात्रा

**नई दिल्ली.** भू-राजनीतिक परिदृश्य में बदलाव के दौर में भारत-श्रीलंका संबंधों में कई उतार-चढ़ाव आए हैं. विदेश मंत्रालय ने शुक्रवार को आधिकारिक तौर पर श्रीलंका के नवनिर्वाचित राष्ट्रपति अनुरा दिसानायके की 15-17 दिसंबर तक नई दिल्ली की राजकीय यात्रा की घोषणा की. श्रीलंका में हाल ही में संपन्न राष्ट्रपति और संसदीय चुनावों के बाद राष्ट्रपति दिसानायके की यह पहली द्विपक्षीय भारत यात्रा होगी. इस यात्रा से दोनों देशों के बीच संबंधों को मजबूत करने में मदद मिलने की उम्मीद है.

यह ऐसे समय में हुआ है जब द्वीप राष्ट्र अभी भी 2022 में अपने सबसे खराब वित्तीय ऋण से उबर



रहा है. श्रीलंका में चीन के बढ़ते प्रभाव और इस तथ्य को देखते हुए कि भारत यात्रा के बाद दिसानायका अगले महीने बीजिंग जाने के लिए तैयार हैं, यह यात्रा महत्वपूर्ण है.






# कोरोना काल में घपला करने वाले अधिकारी नपे

## 167 करोड़ का नुकसान पहुंचाने पर हुई एफआईआर

**बेंगलुरु.**

कोरोना महामारी के दौरान कथित गड़बड़ियों के आरोप में कई सरकारी अधिकारियों और निजी कंपनियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई है। आरोप हैं कि कर्नाटक में हुई इस धोखाधड़ी के चलते राज्य के खजाने को 167 करोड़ रुपये का भारी नुकसान हुआ है। पुलिस ने जांच शुरू कर दी है, लेकिन इसमें शामिल किसी भी राजनीतिक व्यक्ति या उच्च पदस्थ अधिकारी का नाम नहीं लिया है।

हालांकि, नेताओं के इसमें संलिप्त होने की संभावना अधिक जताई जा रही है।आरोप चिकित्सा कर्मियों के लिए व्यक्तिगत सुरक्षा उपकरण (पीपीई) किट और एन95 मास्क की अवैध खरीद से जुड़ा



है। चिकित्सा शिक्षा निदेशालय (डीएमई) के मुख्य लेखा अधिकारी डॉ.एम. विष्णुप्रसाद द्वारा दर्ज की गई शिकायत में डीएमई के पूर्व निदेशक और कुछ निजी कंपनियों के प्रबंधन सहित प्रमुख हस्तियों के खिलाफ आरोप लगाए गए हैं। 18 अगस्त 2020 को राज्य सरकार ने 17 सरकारी कॉलेजों और एक सुपर-स्पेशियलिटी अस्पताल में डॉक्टरों और चिकित्सा कर्मचारियों के लिए 2.59 लाख एन95 मास्क और इतनी ही संख्या में पीपीई किट खरीदने की अनुमति दी थी, जिसमें ये भ्रष्टाचार हुआ। सरकारी आदेशों के बावजूद, खरीद प्रक्रिया में कई स्तरों पर कथित तौर पर अनियमितताएं देखी गईं। पीपीई किट की आपूर्ति के लिए निविदा प्रक्रिया प्रदान की गई थी, लेकिन यह पता चला कि नामित अस्पतालों को कभी भी पूरी आपूर्ति नहीं की गई।

### मुंबई की कंपनी का था हाथ

एफआईआर में आगे बताया गया है कि मुंबई स्थित एक कंपनी ने कथित तौर पर धोखाधड़ी वाली बोली प्रक्रिया, कीमतों में बढ़ोतरी और अनैतिक चीजों में शामिल होने में केंद्रीय भूमिका निभाई। कुछ अधिकारियों पर कथित तौर पर इन अवैध गतिविधियों को सुविधाजनक बनाने का आरोप है। जांच से पता चलता है कि धोखाधड़ी कथित तौर पर पूर्व सरकार के राजनीतिक प्रतिनिधियों की भागीदारी के साथ की गई हो सकती है।